हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 275, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 30 मार्च, 2023 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

## गिरमिटिया मजदूर नहीं, उद्योगपति बनेंगे दक्षिणांचल के लोग : योगी

### डबल इंजन सरकार में विकास के पथ पर रफ्तार से आगे बढ़ रहा दक्षिणांचल




गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोला तहसील के भरौली में बाबू आरएन सिंह डायलिसिस सेंटर के लोकार्पण व स्मृतिशेष आरएन सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप से जुड़कर दक्षिणांचल के लोग अब गिरमिटिया मजदूर नहीं बल्कि उद्योगपति बनेंगे। मुख्यमंत्री ने भरौली के रामसखी रामनिवास शिक्षण संकुल परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि गोरखपुर का दक्षिणांचल डबल इंजन सरकार में विकास के पथ पर बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यहां राम जानकी मार्ग का कायाकल्प हो रहा है, धुरियापार में बायोफ्यूल प्लांट की स्थापना की जा रही है। इससे यहां के लोगों को खरपतवार व गोबर का भी पैसा मिलेगा। कहा कि दक्षिणांचल पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा है। लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में बंजर जमीन खरीद कर उद्योग लगाए जाएंगे। उद्योगों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने अच्छे जनप्रतिनिधि दिए तो आज विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बेटियों को भी यहीं शिक्षा की व्यवस्था होगी। अभिभावकों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं रहेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन निवेश प्रस्तावों के जमीन पर उतरने से एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार की व्यवस्था होगी। गोरखपुर के लिए भी कई प्रस्ताव मिले हैं। बिना बाधा डाले निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने तथा उज्जवल भविष्य का माध्यम बनने में सबकी सहभागिता होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में बन रहा प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राष्ट्र मंदिर जैसा है इसके लिए हमें प्रधानमंत्री व न्यायिक व्यवस्था के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। फिर कोई हमारी आन बान सम्मान के खिलाफ कोई साहस ना करने पाए इसके लिए हमें एकजुट रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जानकी मार्ग को प्ले कर दक्षिणांचल के लोगों में गर्व की भावना होनी चाहिए। इसी मार्ग से प्रभु श्रीराम माता जानकी को लेकर पहली बार जनकपुर से अयोध्या पहुंचे थे। सरकार इस मार्ग पर कार्य करते हुए सरकार अयोध्या को सीतामढ़ी तथा जनकपुर तक कनेक्ट कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक राम मंदिर का निर्माण हो जाएगा। दक्षिणांचल के लोग जब प्रभु श्रीराम के मंदिर में जाएंगे तो वह भी कह सकेंगे इस मंदिर के निर्माण में हमारे गांव, हमारे क्षेत्र का योगदान है। कारण बाबू आरएन सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये दान दिए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में समारोह में अपने संबोधन से पूर्व महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं उत्तर भारतीय संघ मुंबई के पूर्व अध्यक्ष बाबू आरएन सिंह की प्रतिमा का अनावरण तथा उनकी स्मृति में बने अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण किया। वह आर्यन सिंह की समाधि स्थल पर भी गए और पुष्पांजलि अर्पित की।

### पंजाब में पेड़ से टकरा कर गिरा पाकिस्तानी ड्रोन, लिखा था मेड इन यूएसए

अबोहर (पंजाब)। पाकिस्तान ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ और हथियारों की खेप लगातार भारत भेज रहा है। पंजाब में सीमा पर अक्सर पाकिस्तानी ड्रोनों की आहट सुनाई पड़ती है। मंगलवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ। पंजाब की फाजिल्का पुलिस ने गांव कावांवाली क्षेत्र से एक ड्रोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पेड़ से टकराने के बाद ड्रोन नीचे गिर गया। हालांकि ड्रोन के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। ड्रोन पर अमेरिका का मार्का लगा है। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के सहायक निरीक्षक लखबीर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्पेशल सेल के अधिकारी पाकिस्तान की हरकतों पर पैनी नजर रखे हैं। इसी के चलते 28 मार्च की रात गांव कांवावाली, माहतमनगर और गांव रामसिंह भैणी के आसपास ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली। स्पेशल सेल के अधिकारियों ने पुलिस की मदद से उक्त क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया तो गांव कावांवाली में पाकिस्तान का टूटा हुआ ड्रोन मिला। ड्रोन सफेदे के पेड़ से टकरा कर टूटा है। सदर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि दो बैटरी वाले इस ड्रोन पर मेड इन यूएसए लिखा है।

## केंद्र सरकार में 9.79 लाख से ज्यादा पद खाली रेलवे में सबसे ज्यादा 2.93 लाख वैकेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण सूचना दी है। विभिन्न सरकारी नौकरियों की तैयारियां करने वाले प्रतिभागियों के लिए यह अहम और अच्छी खबर है। दरअसल भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 9.79 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। तो वहीं हैरत की बात यह है कि सबसे ज्यादा पद भारतीय रेलवे में खाली हैं।

**रेलवे में खाली हैं 2.93 लाख पद-** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि एक मार्च, 2021 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.79 लाख से अधिक पद खाली हैं, जिनमें सबसे अधिक 2.93 लाख पद भारतीय रेलवे में खाली हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की आवश्यकता के अनुसार, खाली पदों पर प्रतिभागियों की नियुक्तियां होंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न खाली पदों पर लोगों की भर्तियां एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही होगी।

**समय पर खाली पदों पर होंगी भर्तियां-** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित जवाब में कहा कि सरकार ने पहले ही सभी मंत्रालयों/विभागों को खाली पड़े पदों को समय पर भरने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलों से आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने की उम्मीद है।

### डेमोक्रेसी समिट में बोले पीएम मोदी- भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है, डेमोक्रेसी के लिए देश सबसे अच्छा उदाहरण



नई दिल्ली। समिट फॉर डेमोक्रेसी सम्मेलन को आज पीएम नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र सिर्फ एक ढांचा नहीं है, यह एक आत्मा भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत आज अनेक वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। यह स्वयं विश्व में लोकतंत्र के लिए सबसे अच्छा उदाहरण है। वहीं पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन की बात करते हुए कहा कि चाहे जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का हमारा प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से पानी का संरक्षण करना हो या सभी को स्वच्छ, खाना पकाने का ईंधन प्रदान करना हो - हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है।

## किसानों को किया जा रहा अपमानित व प्रताड़ित : अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि जबसे भाजपा सरकार बनी है किसानों को लगातार अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें धोखा पर धोखा दिया जा रहा है। ओलावृष्टि और असमय बरसात से किसानों की फसलों को भारी क्षति हुई, किंतु किसानों को राहत देने से भाजपा सरकार लगातार मुंह चुराती नजर आई हैं। कर्ज, महंगाई और उपेक्षा से परेशान कई किसानों ने आत्महत्या तक कर ली है।

**सपा अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा**

अखिलेश ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से प्रत्येक किसान का नुकसान लाखों में हुआ है। भाजपा सरकार केवल दो से तीन हजार रुपये मुआवजा देकर उनके जख्मों पर नमक डालने का काम कर रही है। बुंदेलखंड में ओलावृष्टि से फसल खराब होने पर 12 दिनों में पांच किसानों की जानें चली गईं। तीन किसानों ने आत्महत्या कर ली जबकि दो किसानों को दिल का दौरा पड़ गया।

**कहा धोखा साबित हो रही है किसानों की फसल बीमा योजना**

भाजपा सरकार की "फसल बीमा योजना" धोखा साबित हो रही है। इस फसल बीमा योजना से किसान को नहीं सिर्फ बीमा कंपनियों को फायदा हो रहा है। किसानों के हिस्से की रकम भाजपा सरकार निजी बीमा कंपनियों को बीमा के नाम पर दे रही है। बीमा कंपनियां किसानों को क्लेम देने में आनाकानी कर रही हैं। भाजपा किसानों की फसलों तथा खेत पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का वर्चस्व कायम करने की साजिश कर रही है।

### सरकार ने 30 हजार से अधिक वेब लिंक ब्लॉक करने का दिया निर्देश: केंद्रीय मंत्री वैष्णव

नई दिल्ली। सरकार ने 2018 के बाद से 30,310 वेब लिंक को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किया है, जिसमें सोशल मीडिया लिंक,पेज, खाते, चैनल, ऐप, वेब पेज, वेबसाइट आदि शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को इस बात की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा को बताया कि आईटी नियमों के तहत गठित समिति ने कुल 41,172 URL (यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर) की जांच की गई, जो आईटी की अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत ब्लॉक करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और राज्यों में नोडल अधिकारियों से प्राप्त हुए थे। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने एक लिखित बयान में कहा, "सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (जनता के लिए सूचना की पहुंच को अवरुद्ध करने के लिए प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 में परिकल्पित उचित प्रक्रिया का पालन करती है। 2018 से 15 मार्च 2023 तक 30,310 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें सोशल मीडिया यूआरएल, खाते, चैनल, पेज, ऐप, वेब पेज, वेबसाइट आदि शामिल हैं।"

उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम,



2000 की धारा 69ए, संप्रभुता और अखंडता, भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों या सार्वजनिक व्यवस्था या उकसाने के हित में ऐसा करने के लिए आवश्यक या समीचीन होने पर सरकार को सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने के लिए निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।

## ट्रेन आते देख ट्रैक पर कूदा युवक, देखते ही देखते ऊपर से गुजर गई गतिमान एक्सप्रेस; सुसाइड नोट में लिखा...



आगरा। दिल्ली जा रही गतिमान एक्सप्रेस को देखते हुए आगरा के राजा की मंडी स्टेशन पर कपड़ा व्यापारी ट्रैक पर कूद गया और अपनी जान दे दी। राजा की मंडी रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक पर बुधवार शाम के छह बजे एक युवक तेजी से रेल ट्रैक पर कूद गया। पटरी पर सिर रखकर लेट गया। यह देख यात्री भौचक्के रह गए। यात्री उस युवक को ट्रैक से उठाने के लिए आगे बढ़ते तब तक आगरा से दिल्ली जा रही गतिमान एक्सप्रेस के आने का समय हो गया। करीब 90 किमी की रफ्तार से गतिमान एक्सप्रेस युवक के ऊपर से गुजर गई। यह दृश्य जिसे भी देखा। सन्न रह गया। युवक की पहचान नटराजपुरम कमला नगर निवासी हरीश कुमार के रूप में हुई। हरीश कपड़ा व्यापारी था। सुसाइड नोट में मुझे माफ कर देना लिखा हुआ था। नटराजपुरम कमला नगर निवासी हरीश देवनानी की सुभाष बाजार में कपड़े की दुकान थी। हरीश शाम 5:13 बजे राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। प्लेटफार्म टिकट ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरीश ने चामुंडा देवी मंदिर में पूजा की और फिर प्लेटफार्म नंबर एक की एक सीट पर बैठ गए। हरीश बार-बार घड़ी की ओर देख रहे थे। मानो वह शाम छह बजे का इंतजार कर रहे हों। शाम छह बजे गतिमान एक्सप्रेस आगरा से दिल्ली के लिए गुजरती है। जैसे ही गतिमान एक्सप्रेस के आने का समय हुआ। हरीश ने छलांग लगा दी और ट्रैक पर आ गए। यह देख लोग समझे कि हरीश प्लेटफार्म नंबर एक से दो की ओर जा रहे हैं लेकिन हरीश ने पटरी पर सिर रख लिया। राजा की मंडी जीआरपी के सब इंस्पेक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि हरीश ने जैसे ही पटरी पर सिर रखा। उसे बचाने के लिए कई लोग आगे बढ़े लेकिन तब तक गतिमान एक्सप्रेस के आने का समय हो गया। ट्रेन के आने के चलते लोग पीछे हट गए। हरीश की जेब से एक मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस मिला। फोन कर स्वजन को सूचना दी गई। हरीश के पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें मुझे माफ कर देना लिखा हुआ था। हरीश के दो बच्चे हैं। दिलीप ने बताया कि हरीश ने आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है।

### मुफ्त के आटे ने ले ली 11 लोगों की जान, पूर्व पीएम इमरान खान बोले- चोरों की सरकार ने जीवन को बनाया दयनीय

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इन दिनों राजनैतिक और आर्थिक संकट छाया हुआ है। लगातार बढ़ रही मुद्रास्फीति के कारण यहां भुखमरी की नौबत आ गई है। आलम यह है कि लगभग आधे पाकिस्तानी परिवारों को दो जून की रोटी भी नहीं मिल पा रही है। देश में ना केवल आटे बल्कि रोजमर्जा की हर चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसे देखते हुए सरकार ने सरकारी वितरण केंद्रों पर मुफ्त आटा देने की योजना शुरू की है। इस बीच, पाकिस्तान के अधिकारियों ने बड़ा खुलासा किया है। बुधवार को अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हाल के दिनों में सरकारी वितरण केंद्रों से मुफ्त आटा लेने की कोशिश के दौरान महिलाओं समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। देश के पूर्व पीएम की पार्टी पीटीआई ने इसकी आलोचना की है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिण पंजाब के चार जिलों साहीवाल, बहावलपुर, मुजफ्फरगढ़ और ओकारा में मुफ्त आटा केंद्रों पर मंगलवार को दो बुजुर्ग महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इतना ही नहीं यहां मुफ्त आटा पाने की कोशिश के दौरान उमड़ी भारी भीड़ में 60 अन्य घायल भी हो गए। इनके अलावा, जिन अन्य जिलों में मौत की सूचना मिली है उनमें फसैलाबाद, जहानियां और मुल्तान भी शामिल हैं। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आसमान छूती महंगाई को मात देने के लिए विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए एक मुफ्त आटा योजना शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ के कारण बीते कुछ दिनों में कई लोगों की मौत हुई है। इस योजना का उद्देश्य पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता का मुकाबला करना है।

## यूपी कैबिनेट के महत्पूर्ण फैसले : निकाय चुनाव में पिछड़ों का आरक्षण तय करने संबंधी अध्यादेश के मसौदे को मंजूरी



लखनऊ। नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों समेत सभी वर्गों के लिए सीटों का आरक्षण तय करने के लिए सरकार अध्यादेशा लाएगी। प्रस्तावित अध्यादेश के मसौदे को कैबिनेट ने बुधवार को मंजूरी दे दी है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सामान्य नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1959 में संशोधन करने से संबंधित अध्यादेश के मसौदे को मंजूरी देते हुए उसे राज्यपाल को भेजने की सिफारिश की गई है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद आरक्षण की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी और निकाय प्रमुखों के प्रस्तावित आरक्षण जारी कर दिए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि सरकार ने तय किया है कि निकाय चुनाव में पिछड़ा समेत सभी वर्गों को नियमानुसार आरक्षण दिया जाए। इसी कड़ी में सरकार ने 5 दिसंबर को आरक्षण की अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन कुछ लोगों की आपत्तियों की वजह से मामला हाईकोर्ट चला गया था । हाईकोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए 31 मार्च तक रिपोर्ट सौपने का निर्देश दिया था। आयोग ने इसके पहले 9 मार्च को ही अपनी रिपोर्ट सौंप दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट को मान्य कर दिया है।

मंत्री ने बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के मद्देनजर नगर पालिका परिषद और नगर निगम अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत थी। इसके लिए कैबिनेट से अनुमति मांगी गई थी जो मिल गई है। इसे अब राज्यपाल को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि इस संबंध में बृहस्पतिवार को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन में अधिसूचना जारी करने से संबंधित प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसलिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर विकास मंत्री ने कहा है कि अध्यादेश को राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद नगर निगमों में महापौर और नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में अध्यक्ष की सीटों का आरक्षण किया जाएगा। सीटों के आरक्षण प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसकी अनंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से संबंधित सवाल के जवाब में नगर विकास मंत्री ने कहा कि यह काम राज्य निर्वाचन आयोग का है। सरकार के स्तर पर होने वाले काम जल्द पूरा किए जाएंगे। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश के मसौदे को राज्यपाल की मंजूरी के लिए देर रात ही राजभवन भेज दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि चुनावी जरूरतों को देखते हुए राज्यपाल बृहस्पतिवार को इस अध्यादेश को मंजूरी दे सकती हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी के साथ हल्की बारिश; तापमान में आई गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में बुधवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला है। शाम के समय दिल्ली एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की बारिश शुरू हो गई। खास बात है कि बीते दो दिनों से गर्मी के तेवर में नमी देखी जा रही है। बुधवार की शाम को मौसम एकाएक बदला और दिल्ली एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने लगी। कई हिस्सों में तो तेज आंधी भी चली। साहिबाबाद में तो आंधी के कारण बिजली गुल हो गई। बता दें कि मौसम विभाग ने मंगलवार को अनुमान लगाया था कि बृहस्पतिवार से दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को तेज हवा के साथ हल्की बरसात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इसके चलते तापमान में भी थोड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। साथ ही विभाग की ओर से बुधवार को आंशिक तौर पर बादल छाए रहने का अनुमान लगाया गया था। क्टऊ के अनुमान के बाद बुधवार की शाम को बारिश शुरू हो गई है। बता दें कि मौसम विभाग के अनुसार 30 मार्च से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के



सक्रिय होने से उत्तर प्रदेश में भी बारिश के आसार हैं। 31 मार्च को पूरे प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश के लिए चेतावनी जारी की गई है। 30 मार्च को छिटपुट बारिश के बाद 31 मार्च को यूपी में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## संपादकीय

## जनतंत्र की जड़ें

इजराइल में जिस तरह सरकार के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरे और आखिरकार सरकार को घुटने टेकने पड़े, वह दुनिया की तमाम लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए एक सबक है। हालांकि यह विरोध प्रदर्शन पिछले करीब दस हफ्तों से चल रहा था और उसमें वहां के सरकारी महकमों के लोग भी शामिल हो गए थे। सेना के पायलटों ने भी उसे समर्थन दिया था। सेवानिवृत्त फौजी अफसर आंदोलन के समर्थन में थे। वहां का सबसे बड़ा मजदूर संगठन सड़कों पर उतर आया था। मगर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अभी परसों तक अपने फैसले पर अडिग थे। जब उनके फैसले के विरोध में वहां के रक्षामंत्री ने भी बयान दे दिया तो उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। उसके बाद आंदोलन तेज हो गया। राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने प्रधानमंत्री को न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव संबंधी अपनी योजना को तत्काल रोकने को कहा। दुनिया भर के इजराइली दूतावासों को संदेश भेज दिया गया कि वे कामकाज रोक दें, केवल अति आवश्यक काम ही निपटाएं। हवाई सेवाएं रुक गई थीं। ऐसे में यह संभावना बढ़ गई थी कि नेतन्याहू अपने कदम वापस खींच सकते हैं। इतने बड़े आंदोलन के बाद भी अगर नेतन्याहू अपने फैसले पर अड़े रहते, तो निस्संदेह उसके भयावह परिणाम की आशंका थी। दरअसल, पिछले महीने बेंजामिन नेतन्याहू ने संसद में वहां की न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव संबंधी प्रस्ताव पारित करा लिया था। उसके तहत न्यायपालिका सीमित दायरे में ही काम कर सकती थी, उसके ऊपर सरकार का दबाव बना रहता। इसे लेकर लोगों में नाराजगी थी। उनका कहना था कि इससे लोकतंत्र कमजोर होगा। मगर नेतन्याहू का तर्क था कि इससे मतदाताओं को लाभ होगा। उनका मकसद केवल न्यायालयों को अपनी ताकत का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से रोकना है। मगर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि दरअसल, नेतन्याहू न्यायपालिका को अपनी मुट्ठी में कैद करके अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को खत्म करना चाहते हैं। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ जाएगा। इससे न्यायपालिका को किसी कानून को रद्द करने का अधिकार भी छिन जाएगा। यह बदलाव करके नेतन्याहू तानाशाह की तरह शासन करना चाहते हैं। फिर धीरे-धीरे इन प्रस्तावों के विरोध में प्रदर्शन इतना व्यापक और प्रचंड होता गया कि लोग नेतन्याहू के आवास के करीब तक पहुंच गए। सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं। फिर अमेरिका ने भी नेतन्याहू को समझाया कि वे लोकतांत्रिक देश हैं और उन्हें लोकतंत्र की मयार्दाओं का पालन करना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में न्यायपालिका सरकारी कामकाज पर नजर रखने और उसे मर्यादित रखने का एक कारगर तंत्र होती है। दरअसल, न्यायपालिका लोकतंत्र के संवैधानिक मूल्यों का प्रहरी है। इसलिए कई बार सत्तापक्ष उसकी वजह से असहज महसूस करता है। इस मामले में इजराइल अकेले नहीं है, जहां न्यायपालिका पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही थी। पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं इसीलिए प्रश्नांकित होने लगी हैं कि उनमें से कइयों ने न्यायपालिका को कमजोर करके निरंकुश व्यवस्थाएं लागू करने का प्रयास किया है। हालांकि विरोध के स्वर हर जगह उठे हैं, मगर कई जगह सरकारें उन्हें दबाने में कामयाब रही हैं। इस लिहाज से इजराइल की अवाम ने नेतन्याहू के प्रयास को चुनौती देकर एक तरह से जीवंत लोकतंत्र होने का सबूत दिया। अब जैसी स्थिति वहां बन चुकी थी कि उस विरोध प्रदर्शन को दबाना सरकार के लिए संभव नहीं था। अच्छी बात है कि नेतन्याहू ने अपने कदम वापस ले लिए।

## संदिग्ध सजा माफी

सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस बानो मामले में ग्यारह दोषियों को समय से पहले रिहा किए जाने के फैसले पर कड़ा रुख दिखाया है। अदालत ने केंद्र और गुजरात सरकार की तरफ से पेश वकीलों से कुछ असहज करने वाले सवाल पूछे और उन्हें इस रिहाई के फैसले से संबंधित सभी दस्तावेज अगली तारीख पर उपलब्ध कराने को कहा। इससे स्वाभाविक ही इस मामले में कोई नया मोड़ आने की संभावना देखी जा रही है। गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी आंखों के सामने ही उसकी तीन साल की बच्ची समेत परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसमें मुकदमा चला और ग्यारह लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मगर इन सभी दोषियों को केंद्र सरकार की मंजूरी से गुजरात सरकार ने पिछले साल पंद्रह अगस्त को समय से पहले ही सजा माफी दे दी थी। इसमें तर्क दिया गया कि चूंकि जेल में दोषियों का आचरण अच्छा था, इसलिए नियम के मुताबिक उन्हें समय से पहले रिहा कर दिया गया। मगर गुजरात सरकार के इस फैसले को लेकर चौतरफा सवाल उठने शुरू हो गए। बिलकिस बानो ने इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। उसी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में यह प्रक्रिया शुरू हुई है। कानून के मुताबिक सजायाफ्ता लोगों को उनके आचरण के मद्देनजर समय से पहले रिहा करने का प्रावधान है, मगर यह नियम हर मामले में एक समान लागू नहीं होता। खासकर हिंसा और बलात्कार जैसे मामलों में इस नियम का उपयोग करते समय खासी सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। यही सवाल बिलकिस बानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी केंद्र और गुजरात सरकार से पूछा कि क्या इस मामले में उचित नियमों का पालन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस मामले को भयावह कृत्य बताया। दरअसल, गुजरात दंगों को लेकर शुरू से तत्कालीन सरकार पर सवाल उठते रहे हैं, बिलकिस मामले में दोषियों को समय से पहले जेल से बाहर निकाल कर एक नया विवाद मोल ले लिया। विपक्षी दलों को तो इस पर हमला बोलने का मौका मिला ही, अदालत ने भी इसमें कई प्रक्रियागत खामियां देखी हैं। सवाल यह भी है कि क्या गुजरात सरकार को इन दोषियों को रिहा करने का अधिकार था। फिर यह भी कि किन नियमों के तहत उन्हें रिहा किया गया। वादी पक्ष का कहना है कि इससे संबंधित नए और पुराने दोनों नियम सरकार को ऐसा करने की इजाजत नहीं देते। फिर इन ग्यारह दोषियों के जिस अच्छे आचरण का तर्क दिया गया, वह भी संदिग्ध है। पैरोल के दौरान उनमें से कुछ पर छेड़छाड़ के आरोप लगे। उनके आपराधिक पृष्ठभूमि को भी रेखांकित किया जा रहा है। किसी भी कल्याणकारी सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह जघन्य अपराध करने वालों को कठोर दंड दिलाने में सहयोग करेगी। किसी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार, उसकी बच्ची और उसके पूरे परिवार की हत्या कर देना जघन्य अपराध की श्रेणी में ही आता है। जिस समय बिलकिस का बलात्कार हुआ, वह गर्भवती थी। इसलिए गुजरात सरकार के फैसले और केंद्र की उस पर सहमति लोगों को खटक रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने उसी बिंदु को रेखांकित किया और पूछा है कि क्या सरकार हिंसा और बलात्कार के अन्य मामलों में भी यही रुख रखती है। अदालत इस मामले को अगले दो-तीन महीनों में ही निपटाने के पक्ष में है, इसलिए स्वाभाविक ही लोगों की नजर उसके फैसले पर अटकी हुई है।

# जानलेवा बनता युवाओं का नया जुनून

यह चिंता का विषय है कि उम्र का ऐसा दौर, जब समय और ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल कर अपना भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, युवा एक आभासी मायाजाल में उलझ रहे हैं। महिलाएं अपनी निजता और सुरक्षा को दांव पर लगा रही हैं। बच्चे अजब-गजब भाषा बोल रहे हैं। यह दिशाहीनता लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं, पूरे सामाजिक परिवेश पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली है।

आभासी मंचों पर अजब-गजब करतब करते हुए तारीफें बटोरने का जुनून लोगों की जिंदगी लील रहा है। हर कहीं रील्स और वीडियो फिल्माने की सनक अपनी ही नहीं, दूसरों के लिए भी असुरक्षा और असहजता का कारण बन गई है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि छिटपुट कमाई करने की धुन और आत्ममुग्धता के चलते अपनी ऊर्जा गंवाने और जीवन तक को दांव पर लगाने वालों में हर आयुवर्ग के लोग शामिल हैं। देखने में आ रहा है कि महिलाओं, पुरुषों और युवक-युवतियों के ही नहीं, छोटे-छोटे बच्चों के रील्स भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस जुनून में लोगों को न समय का होश रहता है और न स्थान की फिक्र। बस, ट्रेन, हवाई जहाज हो या नदी, समुद्र का किनारा, जान को जोखिम में डालते हुए वीडियो बनाए जा रहे हैं। कभी मोटर साइकिल पर खतरनाक बाजीगरी की जा रही है, तो कभी बहते पानी में करतब करने का जोखिम लिया जा रहा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि युवाओं में बढ़ती इस सनक के कारण अब कई जगह रील्स या वीडियो फिल्माने पर पाबंदी लगाई जा रही है। हाल ही में दिल्ली मेट्रो ने बाकायदा ट्वीट कर कहा कि यात्रा करें, परेशानी पैदा न करें। इस संदेश के साथ यह नियम भी लोगों तक पहुंचाया गया है कि दिल्ली मेट्रो के अंदर रील या कोई भी वीडियो फिल्माना सख्त मना है। इससे यात्रियों को परेशानी हो सकती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के नए नियमों के मुताबिक अब मेट्रो में रील बनाने की शिकायत मिलने पर रेल परिचालक, स्टेशन नियंत्रक या सुरक्षाकर्मी यात्री को ट्रेन से भी उतार सकते हैं।

इसके अलावा, दो सौ रुपए के जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया है। दरअसल, यह नियम दूसरे यात्रियों को होने वाली असुविधा और खुद रील्स बनाने वालों की सुरक्षा के मद्देनजर लागू किया गया है। मेट्रो में कई बार अश्लील वीडियो बनाने के मामले भी सामने आ चुके हैं। गौरतब है कि पहले चेतावनी जारी किए जाने के बावजूद वीडियो फिल्माने का सिलसिला नहीं रुका, तो अब सख्त नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, यह सनक युवाओं की उलझी मनःस्थिति और भयावह आत्ममुग्धता की बानगी है। तभी तो देश भर से आने वाले रील और वीडियो बनाते समय होने वाली दुर्घटनाओं के समाचार भी इस जुनून को नहीं रोक पा रहे। तकनीक के सही इस्तेमाल की समझ ही नदारद लगती है। कुछ साल पहले तक सेल्फी खींचते हुए होने वालों हादसों में हमारा देश दुनिया में सबसे आगे था। अब यह नया जुनून देखने को मिल रहा है। अफसोस कि ऐसे जानलेवा खतरे मोल लेते हुए अधिकतर युवा आम दिनचर्या तक से दूर हो रहे हैं। मन-मस्तिष्क की ऊर्जा इस अर्थहीन शौक की भेंट चढ़ गई है। गिनती के पलों में कुछ विशेष कर दिखाने के पागलपन में कभी अश्लील हरकतों का वीडियो फिल्मा रहे हैं, तो कभी अभद्र भाषा बोल कर अलग दिखने का प्रयास कर रहे हैं। युवाओं का इस तरह समय व्यर्थ गंवाना वाकई चिंता का विषय है। इसलिए कि वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में चर्चित हो जाने को कोई सधा हुआ रोजगार नहीं कहा जा सकता।



फिल्म, राजनीति या किसी क्षेत्र विशेष के लोकप्रिय चेहरों के लाखों अनुसरणकताओं को देख कर आम परिवारों के युवा, बच्चे ही नहीं, महिला-पुरुष भी इस जाल में उलझ गए हैं। सोशल मीडिया मंचों पर ऐसे बहुत से वीडियो मौजूद हैं, जिनमें परिपक्व उम्र की स्त्रियां भी अजीबोगरीब हाव-भाव में अभिनय करती नजर आती हैं। आभासी लोकप्रियता के जुनून में आपत्तिजनक वीडियो तक आभासी मंचों पर परोसे जा रहे हैं। साथ ही, दुर्घटनाएं तो इस जुनून का दुखद हिस्सा हैं ही। हाल ही में बिलासपुर में रील बनाते हुए एक छात्र की कालेज की छत से गिर कर मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ इंस्टाग्राम के लिए रील बनवा रहा था और पैर फिसल जाने से यह हादसा हुआ। इसी तरह इंदौर में दसवीं कक्षा का एक छात्र दोस्तों के बीच फांसी लगाने की रील बना रहा था और रस्सी का फंदा गले में डालने के बाद संतुलन बिगड़ने से वह सचमुच फंदे पर झूल गया था।

ऐसे हादसों की लंबी सूची है, फिर भी लोगों में रील्स बनाने का पागलपन इस कदर हावी है कि अपने साथ-साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डालने से नहीं चूकते। लोगों की ऐसी हरकतों से राह चलते लोग भी हादसों का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में पुणे में इंस्टाग्राम रील बनाने के दौरान लापरवाही से मोटर साइकिल चलाने के कारण सड़क पर चल रही एक महिला को टक्कर लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिर, रील्स में कुछ भी दिखाने-जताने का चलन भी चिंतनीय है। उपहास और अभद्रता की यह नई संस्कृति हैरान-परेशान करने वाली है। पिछले दिनों ताजमहल में एक यूट्यूबर द्वारा बनाई गई रील में विदेशी पर्यटक पर छींटाकशी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस रील का भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग ने संज्ञान लिया और रील बनाने वाले के खिलाफ पर्यटन थाने में तहरीर भी दी। दुखद है कि देश की छवि बिगाड़ने से लेकर, राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा तक के लिए भी यह जुनून खतरा बन रहा है। बीते दिनों आगरा रेलवे स्टेशन पर रील बनाने के लिए आरोपी अपनी कार लेकर स्टेशन के प्लेटफार्म पर आ गया था। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पिछले साल सरकार द्वारा बहुत से विदेशी ऐप पर प्रतिबंध लगाने के बाद इंस्टाग्राम की लोकप्रियता काफी बढ़ गई। यहां साझा किए गए वीडियो खूब वायरल होने लगे, जिससे इंस्टाग्राम के उपयोगकताओं का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ा। इंस्टाग्राम पर करीब बीस फीसद सामग्री रील्स होती है। इसी को देखते हुए कुछ समय पहले यह भी सामने आया कि इंस्टाग्राम रील्स बनाने वालों को कुछ नगद पारितोषिक देने की भी तैयारी कर रहा है। निस्संदेह, यह एक सोशल मीडिया मंच की सधी हुई व्यावसायिक रणनीति है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। कमाई का यह जरिया कोई सधा, सही मार्ग नहीं कहा जा सकता। बहुत से सोशल मीडिया प्लेटफार्म घटती-बढ़ती लोकप्रियता और सरकारी नियमों में बदलाव के साथ अपना रुख बदलते हैं। किसी भी दिन इन पर प्रतिबंध लग सकता है। ऐसे में जीवन से जुड़े व्यावहारिक दायित्वों का निर्वहन इस छलावे-दिखावे भरी दुनिया के दम पर तो नहीं ही हो सकता है। यह चिंता का विषय है कि उम्र का ऐसा दौर, जब समय और ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल कर अपना भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, युवा एक आभासी मायाजाल में उलझ रहे हैं। महिलाएं अपनी निजता और सुरक्षा को दांव पर लगा रही हैं। बच्चे अजब-गजब भाषा बोल रहे हैं। यह दिशाहीनता लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं, पूरे सामाजिक परिवेश पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली है। दरअसल, तकनीकी माध्यमों का यह दुरुपयोग लोगों की सोच और समझ पर ही नहीं, सार्वजनिक स्थलों पर भी अतिक्रमण किए जाने जैसा लगता है। बस या रेल में हंसी-मजाक के वीडियो बनाने के लिए कभी यात्रियों के करीब जाकर बीमार होने का अभिनय करना, तो कभी भयभीत करने वाला अंदाज दिखाना, अन्य लोगों की सहजता और सुकून छीनने वाला व्यवहार है।

# बातचीत की संजीवनी

हम जब कभी कुछ शानदार विचार या काम करते हैं, तब हम उस बात को कहीं न कहीं साझा करना चाहते हैं। जब किसी अंतरंग मित्र से बात कहने का अवसर मिल जाता है तो उस समय हमारी जुबान ही नहीं, बल्कि आंख, हाथ, चेहरा, हमारा संपूर्ण शरीर वह बात कहने लगता है। तब मन-मस्तिष्क अत्यंत आनंद की अवस्था में आ जाते हैं।



इस तरह के शोध दुनिया भर मे हो रहे हैं कि गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीज भी हर दिन कुछ मिनट अपने मन की गपशप करके रोगमुक्त हो रहे हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि किसी प्रिय से गपशप के दौरान हमारे मन और आत्मा के बीच लयात्मक संबंध बनता है। इसलिए किसी ने कहा है कि खुद के स्वभाव को पाना है तो जरा-सी देर गुफ्तगू बहुत जरूरी है। यह एक ऐसा विकल्प है जो बाकी चीजों के मुकाबले काफी सरल है और इसके बडे-बड़े फायदे हैं। दरअसल, नियमित रूप से सकारात्मक बातचीत करने से आत्मविश्वास बढ़ता जाता है। यह आत्मविश्वास मानसिक शांति की अनुभूति कराता है। मानसिक शांति से शरीर स्वस्थ अनुभव करता है। किसी एक विषय पर अच्छी बातों के जरिए हमारी ऊर्जा भी केंद्रित होती है और आत्मिक बल मिलता है। फिर अनुकूल मित्र से गपशप हमारी सूझबूझ को बढ़ाता है और आश्चर्यजनक तरीके से निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। लोगों ने तो यह भी महसूस किया है कि दिन में एक बार अपने प्रिय मित्र से बातचीत करते हुए सभी तरह की शिकायत और शोक तक मिट जाते हैं। इसका कारण यह है कि बातचीत से हमारा तन, मन और मस्तिष्क पूरी तरह शांति, स्वास्थ्य और प्रसन्नता का अनुभव करता है। हर समय निराशा होती हो तो इसको एक तरह से बीमारी कहते हैं और यह निराशा अनेक तरह के बदन दर्द और रक्तचाप को भी पैदा करती है। यानी निराशा की उत्पत्ति मन, मस्तिष्क और शरीर के किसी हिस्से में होती है और हल्की बातचीत उसी हिस्से को स्वस्थ कर देती है। अच्छी और प्रेरक बातें मन और मस्तिष्क को भरपूर ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती है। शरीर भी स्थिर हो जाता है और रोग से लड़ने की क्षमता प्राप्त करने लगता है। चिंता और चिंतन से उपजे रोगों का खात्मा होने लगता है। मन नकारात्मक सोच से हटता है तो श्वास-प्रश्वास में भी सुधार होता जाता है और अधिक चिंता करने की आदत मिटने लगती है।

एक बार एक अस्पताल में कुछ मरीजों के समान स्वभाव को जांचने के बाद उन पर सात दिन का प्रयोग किया गया। वे सभी मरीज अभिनय पसंद करते थे तो अस्पताल ने उनके लिए सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। उस कार्यशाला में सबको कुछ मिनट किसी अभिनेता का अभिनय करते हुए अपनी दिनचर्या अभिव्यक्त करनी थी। जब यह कार्यशाला शुरू हुई तो दूसरे ही दिन सारे मरीज अपना हर काम खुद करते हुए नजर आए।

इतना ही नहीं, उन्होंने पूरे सात दिन किसी तरह की सेहत संबंधी शिकायत दर्ज नहीं की। बस इतनी-सी वजह थी कि उनकी बातें सुनने कुछ विद्यार्थियों का दल हर रोज आता और सात दिन तक उनकी बातें सुनने वाले वहां पर भरपूर थे। यह एक अचंभित कर देने वाली घटना थी। उसके बाद पूरी दुनिया मे ऐसे प्रयोग होने लगे हैं कि बातचीत में मगन करके किसी मरीज को उसका मर्ज भूलने और दूर करने में सहयोग किया जाता है।

सामान्य जीवन में भी यह गपशप किसी दवा से कम नहीं है। एक रोचक खबर में बताया गया था कि एक शहर मे एक ग्राहक हर दिन अपनी प्रिय दुकान में जाकर मजेदार लतीफे सुनाया करता था। उसका यह अंदाज इतना पसंद किया गया कि उन दुकानों में उस समय ग्राहकों की भीड़ रहने लगी। जब किसी ने उस व्यक्ति से इन मजेदार लतीफों की वजह पूछी तो उसने जवाब दिया कि उसे बात करने का शौक है, इसलिए वह हर दिन दूध, सब्जी और राशन की दुकान में और हर सप्ताह अपने पसंदीदा नाई की दुकान हंसने-हंसाने वाली बातें करता है।

आज हर जगह कुछ ऐसे हालात हैं कि अकेलेपन और अपनों से दूरी की दशा के चलते व्यक्ति निरर्थक ही तनाव और मानसिक थकान का अनुभव करता रहता है। मगर कहीं किसी से कुछ हंस-बोलकर तनाव के दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। किसी से कुछ मिनट ही सही, अच्छी बातें करते रहने से जहां मस्तिष्क को ताजगी प्राप्त होती है, वहीं वह विश्राम में रहकर थकानमुक्त अनुभव करता है। बहुत बार पता नहीं लगता, पर शरीर इस गपशप की ऊर्जा से खुद को परोक्ष रूप से बहुत लाभान्वित कर लेता है। कितनी भी निराशा या तनाव क्यों न हो, जैसे ही हम बात करना शुरू करते हैं, मानो कोई समंदर एकाएक शांत होने लगता है। यह शांति ही मन और शरीर को मजबूती प्रदान करती है। बातचीत कई बार सजग करती है। यह हमारे होश पर से भावना और विचारों के बादल को हटाकर शुद्ध रूप से हमें वर्तमान में खड़ा कर देती है और खुद पैदा की गई कमजोरी, जैसे काम, क्रोध, मद, लोभ और आसक्ति, शिकायत, क्लेश आदि विकार समाप्त हो जाते हैं।

# सरकारों के तमाम दावों के बावजूद बच्चों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है

झारखण्ड में एक बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद कथित रूप से साढ़े चार लाख में बेच दिए जाने की शर्मनाक घटना ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। जहां इस घटना को मां की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

झारखण्ड के चतरा में जिस बच्चे को साढ़े चार लाख रुपये में बेचे जाने की खबर आई, उसमें मां के हाथ में एक लाख रुपए आए। बाकी के साढ़े तीन लाख रुपये बिचौलियों या दलालों के हाथ लगे। चूंकि इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई और समय रहते सक्रियता भी दिखी, इसलिए बच्चे को बरामद कर लिया गया और कई आरोपी पकड़े गए। इस देश में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में करोड़ों में है, वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पोतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं। समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड की इस ताजा घटना में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थीं। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थीं कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बच्चा खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओडिशा जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहाद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है।

कुछ दिनों पहले भी ऐसी ही सनसनीखेज बात भी सामने आई कि नर्मदा किनारे बसे कुछ गांवों में बेटियों को जन्म के तुरंत बाद जीवित जलसमाधि दे दी जाती है। बेटों की इच्छा में गर्भ में पल रही बेटियों को चोरी-छिपे मारे जाने की घटनाएं भी सख्त कानूनों के बावजूद आम हैं, लेकिन जन्म ले चुकी बेटी को जीवित जलसमाधि दे देना या पुत्र की चाह में किसी का बच्चा खरीद लेना क्रूरता के नए किस्से कहता है। मगर मासूम बच्चे केवल अंधविश्वासों के शिकार नहीं होते। सयानों के लालच, परस्पर प्रपंच और संपत्ति के लिए किए जाने वाले षड्यंत्र भी उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। बच्चों के प्रति संवेदनहीनता बरतने की बजाए उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाना चाहिए। समाज को अपना चेहरा देखना चाहिए। क्यों हम नन्हें बच्चों को अपनी विकृत मानसिकता एवं वीभत्स सोच का शिकार बनाते हैं? ऐसी ही चतरा की त्रासद एवं विडंबनापूर्ण घटना ने एक बार फिर बच्चों के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता को दशार्या है। आज देश में सबसे बदतर हालात में अगर कोई है तो वे मासूम बच्चे ही हैं, जो इस देश के भविष्य भी हैं। आज उन्हें अपना वर्तमान तक नहीं मालूम कि हम क्या हैं? सच्चाई तो यह है कि आज कोई भी इन बच्चों के बारे में नहीं सोचता। इसका बड़ा कारण यह है कि बच्चों से नेताओं का वोट बैंक नहीं बनता। इसलिए नेताओं को बच्चों से कोई मतलब नहीं है।

## मॉर्निंग रेड में विद्युत चोरी करते हुए 13 लोगो पर हुई कार्यवाही

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उपखंड जंगीपुर के अन्तर्गत आने वाले महाराजगंज उपकेंद्र से निर्गत बिकापुर फीडर के अतरौली ग्राम में उच्चप्रबंधन के आदेशानुसार मॉर्निंग रेड शेखर सिंह उपखंड अधिकारी एवं धनंजय कुमार यादव विजिलेंस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में विद्युत विभाग के टीम द्वारा विद्युत चेकिंग की गयी। जिसमें मुख्य रूप से मीटर के साथ छेड़-छाड़ व मुख्य केवल के अतिरिक्त अन्य सर्विस केवल द्वारा विद्युत का अवैध रूप से उपभोग करते हुए 13लोग एवं 3 लोगो द्वारा पूर्ण रूप से विद्युत चोरी करते पाया गया। तथा विद्युत बकाया होने पर पूर्व से विच्छेदित केवल को बिना बकाया जमा किए पुनः केवल जोड़ कर विद्युत का उपभोग करते पाये गये जिसके कारण विद्युत चोरी निरोधक थाने में उचित संबंधित धारा में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। विभागीय टीम में मुख्य रूप से पंकज चौहान जेई विजिलेंस, नीरज सोनी जेई, अनिल कुमार, महेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल, संजय सिंह यादव, संजय सिंह, विनोद सिंह यादव, अबरार अहमद, जोखन यादव, गौतम कुमार, रघु भास्कर, जनमेजय कुशवाहा, गिरधारी यादव एवं अन्य संविदकर्मी मौजूद रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्य कलश शोभा यात्रा आज

प्रखर मिजार्पुर। अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव प्रकट भए कृपाला कार्यक्रम अंतर्गत नगर के बाबा बूढ़ेनाथ मंदिर में भव्य श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 30 मार्च 2023 को किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं की टोली कलश यात्रा निकालकर गंगाजल लेकर बाबा बूढ़ेनाथ का जलाभिषेक करेंगी। इस मौके पर दिव्य कलश शोभा यात्रा, झांकी तथा श्री रामचरितमानस पाठ, बालकांड एवं भजन कीर्तन, आरती, पारंपरिक सोहर जन्म संबंधित अन्य संस्कार गीत इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा सुविख्यात लोकगीत गायिका उषा गुप्ता को समन्वय नियुक्त किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए लोगों से श्री राम जन्मोत्सव दीपक कलश यात्रा, शोभा यात्रा, झांकी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लिए जाने की अपील की गई है। उसके उपरान्त बूढ़ेनाथ मन्दिर के महन्थ योगानन्द गिरी एवं समन्वयक उषा गुप्ता के द्वारा महिला सदस्यो के साथ बैठक कर तैयारियों के बारे में चर्चा की गयी।

# विंध्य महोत्सव में ख्यातिलब्ध कलाकारों ने समां बाध लोगों को थिरकने पर किया विवश

## विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के सातवें दिन लोकगीतों, भजन कार्यक्रम के साथ ही राजस्थानी एवं ब्रिज नृत्य ने सभी का मन मोहा

प्रखर मीरजापुर। चैत्र नवरात्रि मेला 2023 के पावन अवसर पर विख्यात देवी धाम विंध्याचल में भक्तों की अटूट आस्था उमड़ रही है। विंध्याचल के रोडवेज परिसर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के विशेष प्रयास से आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के नामचीन कलाकारों द्वारा विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो अनवरत जारी हैं। विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के सातवें दिन मंगलवार को मा0 विधायक चुनार अनुराग सिंह एवं जिलाधिकारी दिव्य मित्तल ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का मां विंध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात शिवलोक कालेज मीरजापुर एवं सेठ द्वारिका प्रसाद बजाज स्कूल के छात्र-



छात्राओं ने देवी वंदना तथा राधा-कृष्ण, शिव नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके बाद मीरजापुर कि सुविख्यात कजरी गायिका पद्मश्री से सम्मानित अजीता श्रीवास्तव ने देवी वंदना निमिया के डारी मईया मोरी डाले ली झुलनवा..... सुना कर लोगों को भक्ति भाव में सरोबोर कर दिया। गीतों का क्रम जारी रखते हुए उन्होंने चली जा रही है उमर धीरे धीरे, पल-पल युवा तो..... प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से पधारी मंजू सिंह ने अपनी टोली के साथ राम, लक्ष्मण, सीता की मनमोहक झांकी के साथ अवध में राम आए हैं मेरे सरकार आए हैं.... आरती गीत प्रस्तुत कर लोगों को भाववभोर कर दिया। इस दौरान 14 वर्षो के वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम के अयोध्या वापसी का दृश्य देख लोगों की आंखें पुलकित हो उठी। भजन संध्या कार्यक्रमों के अनवरत जारी क्रम के पश्चात बृज लोककला फाउंडेशन मथुरा के कलाकारों ने विश्व विख्यात कलाकार दानी शर्मा के नेतृत्व में बरसाने की फूलों की होली, लठ्ठमार होली, राजस्थानी नृत्य, बिहारी जी की अद्भुत, अनोखी झांकी इत्यादि कई मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही साथ झूमने पर विवश कर दिया। आज के दिव्य और भव्य कार्यक्रम को देख मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि विंध्य महोत्सव के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में आम और खास जनों की दूरियां बिल्कुल मिट गई है। सभी एक साथ भक्ति भाव के रस में सरोवर होकर झूमने के लिए विवश हो गए थे। क्या अधिकारी या कर्मचारी, क्या आम दर्शनार्थीगण सभी बरसाने के फूलों की होली पर थिरकने के लिए विवश हो गए। कार्यक्रम में चुनार विधायक अनुराग सिंह, बूढ़ेनाथ मंदिर के महंत संत योगानंद गिरी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रकाश शुक्ल, जिला होमगार्ड कमांडेड बीके सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित सभी विभागों के अधिकारी संबंधित लोगों के साथ-साथ गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## नवरात्र अष्टमी पर डीएम की अध्यक्षता में 51 कन्याओं का हुआ कन्या पूजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में चैत्र नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर राइफल क्लब परिषर में 61 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं को भोजन कराया गया, तथा कन्याओं को दक्षिणा स्वरूप प्रत्येक कन्याओं को 501 रुपया भेंट किया गया इसके साथ ही साथ प्रत्येक कन्याओ को फल की टोकरी, स्कूल बैंग जिसमें कापी, पेन्सिल, कलर, रोल, रबर कटर, डेरी मिल्क चाकलेट का पैकेट, लाई, चना, गुड, भी वितरित किया गया। कन्या पूजन कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला मतस्य अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी-सैदपुर, श्रम प्रवर्तन



अधिकारी-गाजीपुर, अधिशासी अभियन्ता लघु सिचाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## थाना जीयनपुर में लावारिस वाहनों की नीलामी आज, उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष रहेंगे मौजूद

प्रखर आजमगढ़। इस समय हर जगह किसी कारण वश थानों में लावारिस पड़े वाहनों की नीलामी हो रही है।और इसका फायदा सभी लोग उठा रहे हैं।ऐसे में ही आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाना में लावारिस पड़े वाहनों की नीलामी आज यानी की 30 मार्च बृहस्पतिवार को की जायेगी। जो श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सगड़ी व जीयनपुर थानाध्यक्ष श्री यादवेन्द्र पाण्डेय जी के कुशल निर्देशन में की जायेगी। लोगों को यह वाहन कम दामों में मिल सकते हैं, शासन को राजस्व मिलेगा।

## विंध्य महोत्सव में आज देश के कोने-कोने से लोक कलाकारों का होगा संगम

मिजार्पुर। विंध्याचल स्थित रोडवेज परिसर में चैत्र नवरात्र मेला 2023 अवसर पर आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरुवार 30 मार्च 2023 को कई सुविख्यात कलाकारों द्वारा भजन, लोकगीत संध्या में अपने-अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. विंध्य महोत्सव में गुरुवार को जानी-मानी लोकगीत, कजरी गायिका संजू सिंह लखनऊ एवं विख्यात कजरी गायिका उर्मिला श्रीवास्तव मिजार्पुर, डॉक्टर मन्नू यादव चंदौली, हरिहर बाला कोटा राजस्थान, मंटू मिश्रा मिजार्पुर द्वारा विविध प्रकार के सांस्कृतिक लोक नृत्य, भजन गायन, देवी गीत, कजरी इत्यादि कार्यक्रमों की प्रस्तुति




जाएगी. कार्यक्रम को सकुशल पूर्वक संपन्न कराने के लिए जोर शोर से तैयारी के साथ ही साथ अनवरत नवरात्र के प्रथम दिन से संचालित होते आ रहे विंध्य महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम को और भी भव्य रूप देने की तैयारी चल रही है।

## शासन के निदेर्शानुसार रामनवमी पर मंदिरों में रामायण पाठ शुरू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रदेश शासन के निर्देश पर तहसील सदर के अंतर्गत मंदिरों में जगह-जगह रामनवमी के एक दिन पूर्व अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ हुए। नगर के राम जानकी मंदिर लंका गाजीपुर में मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य ने पहुंचकर रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी दिब्या तिवारी, दर्शन सिंह, राम लीला समिति के मंत्री बच्चा तिवारी, के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील कासिमाबाद के मॉ चण्डी धाम बहादुरगंज में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बहादुरगंज रमायण पाठ का शुभारम्भ किया गया। इसके अतिरिक्त कई मंदिरों पर भी श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ का शुभारम्भ किया गया। महिलाओं ने यहां भक्ति गीत गाकर मां की महिमा का बखान किया। शासन की मंशा अनुसार रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व एक भजन माला आयोजित की जाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी अखिलेश्वर दास ने बताया कि रमायण पाठ समाप्त के बाद दिनांक 30 मार्च, 2023 का 12 बजे से सायं 05 बजे तक 108 कन्या पूजन को धूम-धाम से मनाया जायेगा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश सरकार की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का अनुष्ठान कराया जा रहा है।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर कोहरौड़ा पुल के पास हाईवे पर बुधवार की सुबह लगभग 7:00 बजे कोहरौड़ा गांव निवासी मुन्नीलाल गौतम 60 वर्ष पुत्र ललसू राम की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुनीलाल गौतम बुधवार की सुबह लगभग 7:00 बजे अपने घर से हाईवे रोड पर रोज की भाति टहलने गए हुए थे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों द्वारा घर पर सूचना दिया गया आनन-फानन में परिवार एवं गांव वालों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया और परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के 2 पुत्र एवं 2 पुत्री का पिता था।मृतक की पत्नी इंद्रावती का रो-रो बुरा हाल है।मृतक के छोटे पुत्र कल्पेश ने अज्ञात वाहन के खिलाफ गंभीरपुर थाने में तहरीर दी है।

## सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का काशी में हुआ भव्य स्वागत व अभिनंदन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कचहरी स्थित अंबेडकर चौराहे पर सिक्किम के नवनियुक्त सुबह 11:00 बजे से ही अंबेडकर चौराहे पर डटे हुए थे` स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप सेशशांक शेखर त्रिपाठी एडवोकेट



राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया अभिनंदन व स्वागत कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र की ओर से सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने महामहिम राज्यपाल का माल्यार्पण कर वह हर हर महादेव के नारे के साथ स्वागत किया ,स्वागत करने के लिए भारी संख्या में अधिवक्तागण संयोजक विधि प्रकोष्ठ काशी प्रांत भाजपा संजीव चौरसिया एडवोकेट मुरलीधर सिंह एडवोकेट राजेश मिश्रा एडवोकेट अशोक कुमार एडवोकेट चंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट मदन मोहन पांडे एडवोकेट परमेश्वर नाथ दुबे एडवोकेट, प्रह्लाद तिवारी ,अंकित गुप्ता, सूर्यभान तिवारी, दीपक वर्मा, सहित सैकड़ों की संख्या उपस्थित रहें।

## रेलवे कर्मियों के लंबित मांगो को पूरा कराने तथा न्यू पेंशन स्कीम और निजीकरण के विरोध में एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी कार्यालय पर रेलवे कर्मियों के लंबित मांगो को पूरा कराने तथा न्यू पेंशन स्कीम और निजीकरण के विरोध में रेलवे ट्रेड यूनियन एन.ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के तत्वाधान में सैकड़ो रेल कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया` कार्यक्रम की अध्यक्षता एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के केन्द्रीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने किया श्री पाण्डेय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल कराने की लड़ाई पूरे देश में शुरू हो गया है श्री पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा की भारत सरकार द्वारा रेलवे के साथ- साथ और कई सरकारी तंत्रों का निजीकरण किया जा रहा है जिससे सरकारी नौकरियों का अवसर युवाओं के लिए समाप्त हो रहा है तथा कर्मियों का शोषण हो रहा है श्री पाण्डेय ने कहा की न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियो के लिए किसी भी रूप में फायदेमंद नहीं है सेवानिवृत कर्मचारियो की गरीमा कायम रखने के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को पुनः लागू किया जाना जरुरी है` एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के वाराणसी मण्डल के मण्डल मंत्री दुर्गेश पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा की न्यू पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली पेंशन की राशी शेयर बाजार आधारित है जिससे कर्मियों का भविष्य सेवानिवृती के पश्चात अंधकारमय है सरकार द्वारा न्यू पेंशन स्कीम को लागू कर कर्मियों का शोषण किया जा रहा है` एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के वाराणसी मण्डल के मण्डल अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा की हमारे विधायक,सांसद पुरानी पेंशन योजना का लाभ ले रहे है और कर्मचारी जो अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सरकारी सेवा में दे देता है उन्हें न्यू पेंशन स्कीम के तहत पेंशन दिया जाना सरकारी कर्मियों के साथ सरकार द्वारा छलावा है` एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के महामंत्री अब्दुल शेख ने अपने संबोधन में रेल कर्मियों से




अपील करते हुए कहा की पुरानी पेंशन की बहाली हेतु राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के लिए एक जुट हो जाए `एन.ई.रेलवे मेन्स कांग्रेस के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपीनाथ उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे ग्रुप डी कर्मचारी का शोषण चरम पर है इस पर तत्काल रेल प्रशासन रोक लगाये नहीं तो रेल कर्मी हड़ताल पर भी जाने को विवश होंगे` कार्यक्रम के मुख्य विशिष्ट अतिथि एवं एनएमएसआर के राष्ट्रीय प्रचारक कामरेड डा. कमल उसरी ने अपने संबोधन में कहा की संगठन पूरे देश में कर्मियों और युवाओ के बीच जाकर एनपीएस के विरोध में जन जागरण अभियान चला रही है और बहुत जल्द ही दिल्ली में संसद भवन का घेराव किया जायेगा` फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र पाल ने कर्मचारीयो को संबोधित करते हुए कहा की रेलवे के कई तंत्रों को कुछ उधोगपतियो एवं पूंजीपतियों के हाथो गिरवी रखकर बेचने का काम सरकार कर रही है जिसपर रोक लगाना आवश्यक है` कार्यक्रम में उपस्थित वाराणसी मंडल के कोषाध्यक्ष राजीव पाठक ने अपने संबोधन में कहा की वर्त्तमान सरकार की मंसा ठीक नहीं है और कर्मचारी विरोधी है श्री पाठक ने कहा की हमारी संगठन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस इसके विरोध में राष्ट्रीय स्तर आन्दोलन बहुत जल्द करेगी एपमा के नेता मनोज गोस्वामी ने कहा की हमारी संगठन न्यू पेंशन स्कीम विरोधी तमाम संगठनो के साथ कंधे से कंधे मिलकर इस लड़ाई में साथ है और इस आन्दोलन को एपमा पुरे देश में फैलाने में सहयोग करेगी वाराणसी मंडल के कार्यकारी मंडल अध्यक्ष मिथिलेश भारती ने रेल प्रसाशन से मांग किया कि इंजी. विभाग में ट्रैकमेन संबर्ग के कर्मियों के शोषण पर तत्काल रोक लगाया जाय कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन एन. ई. रेलवे मेन्स कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र दुबे ने किया तथा वरिष्ठ नेता रंजित उपाध्याय ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और अतिथियों को संगठन के तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में क्ररूत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज मनोज पाण्डेय ने अपने फेडरेशन की संबद्धता एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस को देंने का वचन दिया जिसका अंतिम प्रारूप 12 अप्रैल को इज्जतनागर मंडल में किया जाएगा उक्त अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे में क्रियाशील संगठन एन ई रेलवे वर्कर्स यूनियन अपने समस्त पदाधिकारियों सहित एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस में विलय कर गयी और मेंस कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओ ने खुले हृदय से सभी नवागंतुक वर्कर्स यूनियन के सदस्यों का स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्तिथ कर्मचारी नेता राकेश पाल, आदित्य भण्डारी, श्याम सिंह, बेलाल अहमद, अकिल अहमद, चंद्रकांत, अभिनव, नीरज सिंह, अभिषेक दुबे, शैलेश राय, अजय खरे, अमित कुमार, डी .के. श्रीवास्तवा, संजय गुप्ता, बी. बी. सिन्हा, संजय तिवारी, राजेश यादव, राजेश राम, अजहर सगीर, प्रमोद कनौजिया इत्यादि रेल कर्मियों ने कर्मचारियों को संबोधित किए।

## संक्षिप्त खबरें

### भव्य शोभायात्रा निकाला गया



प्रखर वाराणसी। रामनवमी पर रामनगर में भव्य शोभायात्रा निकाला गया अयोध्या मैदान से होकर शास्त्री चौक होते हुए श्री राम जानकी मन्दिर पीएसी से होते हुए साहित्य नाका हनुमान मन्दिर पर आरती किया गया जिसमें मुकेश कुमार कसेरा गौरव गुप्ता सिद्धार्थ कसेरा प्रमोद भनोट जी यश नाइक जी संतोष राजेश गुप्ता श्रुश्री आशा गुप्ता जी सरोज सिह मंजु देवी दुर्गा सहानी ओर रामनगर के सम्मानित समाजसेवी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया शादियाबाद थाना कार्यालय का उद्घाटन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के विभिन्न थाना व थाना कार्यालय तथा आरक्षी भवनों के सुंदरी कारण तथा नव निर्माण के क्रम में आज बुधवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थाना शादियाबाद पर नवनिर्मित थानाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के लोगों से पुलिस अधीक्षक द्वारा अपील की गई कि क्षेत्र में होने वाले किसी भी अवैध गतिविधि व अपराध एवं अपराधियों के बारे में जानकारी दें जिससे अपराधों को नियंत्रित करने में आसानी होगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी ,थाना प्रभारी तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद थे।

### राज्यपाल के आगमन पूर्व युवा मोर्चा ने किया लाल बहादुर शास्त्री प्रतिमा की साफ-सफाई

प्रखर रामनगर वाराणसी। सिक्किम राज्य के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण आचार्य जी प्रथम काशी आगमन एवं गृह निवास रामनगर में आगमन पुर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में नगर में साफ सफाई एवं शास्त्री चौक पर स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रतिमा को साबुन और पानी से नहलाया फिर पूरे प्रांगण की साफ सफाई की युवाओं ने प्रतिमा स्थल को फूलों से सजाया सफाई व्यवस्था में नगर में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अनुपम गुप्ता अशोक जायसवाल भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा उपाध्यक्ष धनंजय यादव आलोक कुमार विवेक दुबे आनंद शर्मा नंदलाल चौहान प्रिंस कश्यप जितेंद्र पांडे झुनझुन ओम कसेरा एवं अन्य युवा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### चोलापुर थाने में दर्ज हुआ महिला से छेड़छाड़ का मुकदमा

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना अंतर्गत एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए चोलापुर थाने में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है पीड़िता के अनुसार युवक महिला से रोज छेड़छाड़ व अश्लील हरकत व कुछ नहाते हुए वीडियो क्लिप बना लिया और रोज वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए शरीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता रहता है पीड़िता का पति पंजाब में नोकरी करता है और उसकी दो छोटी बेटियां है पीड़िता द्वारा एक दिन जब वह सास के साथ सोई हुई थी कि आरोपी आके उसकी कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिया ,उसके बाद उसने महिला से रोज छेड़छाड़ व अश्लील इसारे व हरकतें शुरू कर दिया जब ये बाते अपने सास और ससुर को बताई तो युवक के घर जाके कहे तो नही माना मामला चौकी तक जा पहुँचा किसी तरह से आपसी रजामंदी से मामला खत्म हो गया कई महीने बीत जाने के बाद फिर युवक पीड़िता से अश्लील हरकतें करने लगा मना करने के बाबजूद नही माना और धमकी दी कि अगर मेरे साथ शारिरिक संबंध नही बनाओगी तो मैं तुम्हारे पति और ससुर को जान से मार दूंगा।पीड़िता काफी डर गई और चोलापुर थाना पर जाके युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जिससे पीड़ित के साथ न्याय हो सके।

### खनन व्यवसाई ने विद्युत कर्मचारी पर सुविधा शुल्क मांगने मारपीट गाली-गलौज कराने का लगाया आरोप

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के पत्थर खनन व्यवसाई हंस लाल मौर्या ने स्थानीय थाना पर तहरीर देकर विद्युत कर्मचारी टीजी टू महेश्वर के खिलाफ 15000 रिश्वत मांगने एवं उनके कटर प्लांट पर कार्य कर रहे दलित कर्मचारी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। व्यवसाई हंस लाल मौर्या ने बताया कि निर्धारित समय पर मेरे द्वारा किराए पर लिए गए कटर प्लांट का बिल विद्युत विभाग को जमा किया जाता है प्लांट पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारी महेश्वर ने 15000 सुविधा शुल्क की मांग कर बैठा कर्मचारी द्वारा कहा गया कि अगर पैसा होता तो हम बिजली बिल जमा कर दी होते। प्लांट संचालक ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस पर विद्युत कर्मचारी महेश्वर द्वारा दलित कर्मचारी के साथ गाली गलौज करते हुए प्लांट का बिजली काट दिया गया ।वही इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ ने कहा मेरे कर्मचारी से कटर प्लांट पर मौजूद कर्मचारियों ने बदसलूकी की है । फिलहाल खनन व्यवसाई हंस लाल मौर्या ने तहरीर के माध्यम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है एवं दोशी कर्मचारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### तमंचा व कारतूस के साथ नंदगंज पुलिस ने किया संदिग्ध को गिरफ्तार


प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चोर लुटेरो व नकबजनी व पुरस्कार घोषित / वाछित अपराधी की गिरफ्तारी कर विरुद्ध कार्यवाही करने के सम्बन्ध मे पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा दिये गये आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश के अनुक्रम मे आज बुधवार को मै उप निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा मय हमराह के साथ क्षेत्र में शादियाबाद मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर के जरिए जानकारी होने पर सहेडी रेलवे क्रॉसिंग हाईवे के पास से पैदल जाते हुए व्यक्ति छोटू बिंद उम्र 22 वर्ष पुत्र वीरेंद्र बिंद निवासी सहेड़ी थाना नंदगंज को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान एक नाजायज देसी तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

# खेल ही नहीं, संघर्ष भी देखो

**खरी खरी**

■ मनीषा

**संडे** को स्टार बॉक्सर निखहत करीम ने दिल्ली में चल रही विमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल जीतकर दिखा दिया। पचास किलो वर्ग में वियतनामी एनगुन को 5-0 के मुकाबले पटखनी दी। गये साल भी इस्तांबुल विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी को कठोर संघर्ष ही नहीं किया बल्कि इतिहास में नाम भी दर्ज किया है। मेरीकॉम को देश की सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज़ होने का गौरव प्राप्त है। जब बिना ट्रायल के मेरी को टोक्यो ओलंपिक भेजने का निर्णय लिया गया तो करीम ने चयन को यह कहते हुए चुनौती दी कि मुकाबले के बाद तय हो कौन जाएगा। हालांकि मुकाबले में वह पराजित हुई और मेरीकॉम ही टोक्यो गयीं। उस वक्त निखहत को ना केवल बुरी तरह ट्रोल किया गया था बल्कि मेरीकॉम के कौन है वह, मैं नहीं जानतीं, कहे जाने पर भी उसे नीचा दिखाया गया। जाहिर है, इससे निखहत बुरी तरह मायूस हो गयी। जैसा कि आमतौर पर अपने परिवारों में होता है, उसकी मां कभी बेटी को कभी मुक्केबाज बनाने की पक्षधर नहीं रही। हर मां की तरह उनका डर था, मुक्केबाज लड़की की शादी नहीं हो सकेगी। ओलंपिक पदक जीतने का सपना लिए जीने वाली जरीन के पिता खुद क्रिकेटर का सपना ना पूरा कर पाने का मलाल लिये जीने की बजाए बेटियों का सहारा बनें। सरकारी स्कूल से पढ़ी जरीन की दो बड़ी बहनें डॉक्टर हैं और छोटी बहन अभी पढ़ रही है। पिता के लिए जरीन एथलीट बनी और राज्य स्तर पर कामयाबी हासिल की। लेकिन अपने चचा के कहने पर बॉक्सिंग में हाथ आजमाने लगी। इस वक्त वह बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी भी है।





मैरीकॉम, सरितादेवी, जेनी व लेखा के बाद जरीन पांचवीं मुक्केबाज है। जरीन के पिता ने मुक्केबाजी के प्रति उसके लगाव और जुनून को तब भी प्रोत्साहित किया, जबकि रिश्तेदारों और मुस्लिम समाज में इसे लेकर नाक-मुंह सिकोड़ा जा रहा था। अकसर मुसलमान खेलों में लड़कियों के पहने जाने वाले छोटे कपड़ों को लेकर नाराज रहते हैं। याद करें तो सानिया मिर्जा के शॉर्ट्स पहनकर टेनिस खेलने को लेकर बबेला किया था। कट्टरपंथियों ने सानिया के खिलाफ फतवा तक जारी कर दिया था। लड़कियां जब हिजाब में खेलती हैं तो ऐसे ही संकीर्ण सोच वालों के दिलों को ठंडक पहुंचती है। मानो उन्हें खेल या खिलाड़ी की बजाए उसके लिबास को ही ताड़ना है।

महिला क्रिकेट में भी ऐसी ही ढेरों संघर्षरत युवतियों की दिल दहलाऊ जिन्दगी का जिक्र होता रहता है। हमें पता है, अपने समाज में लड़कियों का खेलों में जाना बहुत ही मुश्किल निर्णय होता है। परिवार जल्दी इसके लिए राजी नहीं होता। उस पर खेलों में पुरुषों का कब्जा हमेशा से ही है। ऊपर से नीचे तक पुरुषों /पुरुषवादियों से भिड़ते हुए, अपने हुनर को निखारना वास्तव में नंगी तलवार पर चलना होता है। निखहत ने एक बार कहा था- ये जीत मेरे माता-पिता के लिए है। मैं जब भी अपनी मां को फोन करती, वह मेरे लिए दुआएं मांग कर ही उठी होतीं। जब मेरा बुरा वक्त चल रहा था, उस वक्त मेरे साथ कोई नहीं था। मेरे माता-पिता व परिवार दोनों मेरे साथ थे। हालांकि खिलाड़िनों के साथ हमेशा ऐसा ही कुछ होता है। उनका पहला संघर्ष तो घर/ परिवार के भीतर से ही चालू हो जाता है। जैसा कि, मेरीकॉम से ही प्रेरित होकर मंजू रानी ने बॉक्सर बनने की ठानी। उसकी बेवा मां के लिए छह बच्चों का खाने की व्यवस्था करना ही मुश्किल था उस वक्त। गांव के मैदान में बॉक्सिंग अभ्यास करने वाली जुनूनी मंजू के लिए खाना-पीना तो दूर बॉक्सिंग ग्लब्स खरीदने भर के पैसे जुटाना कठिन था। ओलंपिक की तैयारी कर रही मंजू कामयाबी के लिए परिवार का सहयोग सबसे जरूरी मानती है। पढाई की कीमत पर खेल नहीं जैसी सख्ती करने वाले परिवारी कबड्डी खिलाड़ी सोनाली के आड़े नहीं आ पाये। जिसके पास जूते खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। आर्थिक तंगी से जूझते हुए सोनाली ने अपनी पहचान कायम की।

अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ, जब हरियाणा के खेलमंत्री को महिला कोच के छेड़छाड़ करने के आरोपों के कारण अपना पद गंवाना पड़ा था। कुछ लोगों ने इसे साजिश भी करार दिया। कुछ ही समय पहले महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये तो माहौल काफी गरमा गया था। इन खिलाड़ियों ने नाम छिपाकर या चेहरा ब्लर करने की बाजाए सामने आकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह व अन्य कोचों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाये। ओलंपियन विनेश फोगट ने बताया उन सबको परेशान किया जाता है और यह भी कि कई लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया गया। यही नहीं, बताया गया कि खिलाड़ियों के निजी जीवन में हस्तक्षेप भी किया जाता है। कुश्ती में विरोधी को उठाकर पटकने में माहिर ये पहलवान यह सब बताते हुए रो रही थीं। हकीकत में इस मामले में राजनीति भी है मगर हम जानते हैं, औरतों के साथ पुरुष अधिकारियों की नीयत किसी भी क्षेत्र में साफ नहीं होती। वे हमेशा लार टपकाते मौके की तलाश में रहते हैं। औरतों की तरक्की किसी भी क्षेत्र में प्रतिभा पर ही निर्भर नहीं रहती। उन्हें परिवार से लेकर खुद को संभालने तक बहुत संघर्ष करने होते हैं। इसके बाद आते हैं, कड़ा परिश्रम और लगातार प्रैक्टिस। सब जानते हैं, गलीचता फैलाने वालों के मुंह पर मुक्का मारकर या उन्हें उठाकर पटकने से यह खांटी पुरुषवादी संक्रमण खत्म नहीं होने हैं। इसके लिए लैंगिक विषमता को दर-किनार करना होगा। तभी लड़कियां देश का नाम दुनिया भर में रोशन करने में अव्वल हो सकेंगी। ■

## आम का श्रीखंड



**सामग्री-** दही एक कप, दो पके हुए आम कद्दूकस किया हुआ, एक कप चीनी, एक चुटकी इलायची पाउडर, 1/4 चम्मच केसर, एक चम्मच बारीक कटे काजू-पिस्ता।

**विधि-** एक सूती कपड़े में दही को डाल कर अच्छे से पोटली बांध ले। अब इस पोटली को कम से कम 2 घंटे तक लटका कर रखें ताकि दही से पानी निकल जाए। तय समय के बाद दही को पोटली से निकाल कर एक बर्तन में रखें। अब इसमें आम का गूदा, इलायची पाउडर, केसर और चीनी मिलाए। सभी सामग्रियों को एक बार मिक्सी में घूमा लें। तैयार हो गया आम का श्रीखंड। इसमें काजू-पिस्ता का टुकड़ा उपर से मिलाए। इसे फ्रीज में रखें। बाद में ठंडा -ठंडा बाउल में रख कर परोसें।

■ अनिता घोष

## खांडवी



**सामग्री-** दही एक कप, वेसन एक कप, आधा चम्मच हल्दी, अदरक पेस्ट आधा चम्मच, 4-5 करी पत्ते के टुकड़े, 3-4 बारीक कटा हरी मिर्च, एक चम्मच काली राई, एक छोटा नारियल कद्दूकस किया हुआ, एक चम्मच बेकिंग पाउडर, एक चम्मच धनिया पत्ता बारीक कटा हुआ, स्वादानुसार नमक, दो बड़े चम्मच तेल।

**विधि-** सबसे पहले वेसन को छान लें, फिर दही को फेंट लें। अब एक बाउल में दही और वेसन को फेंट लें। बेकिंग पाउडर अदरक पेस्ट, नमक और पानी मिलाकर बेसन का घोल बना लें। अब गैस को मीडियम आंच पर रखकर कढ़ाही गरम कर लें। बेसन के घोल को कढ़ाही में डाल कर लगातार चलाते रहें। 10 मिनट तक घोल को पकाएं। जब बेसन का घोल गाढ़ा होने लगे तब घोल की मात्रा के अनुसार 2 से 3 प्लेट या ट्रे लें और खांडवी के घोल को फैलाएं। घोल को थोड़ी पतला-पतला फैलाएं। 10-15 मिनट में घोल ठंडा होकर जम जाएगा। फिर जमी हुई परत को चाकू की सहायता से 6 इंच लंबी और 2 इंच चौड़ी पट्टियों में काट लें। पट्टियों को गोल फोल्ड करके तैयार कर लें। अब एक कढ़ाही में तेल गरम कर लें। इसमें राई डालकर फ्राई करके करी पत्ता और हरी मिर्च भी भून लें। फिर गैस बंद करके राई के तड़का को चम्मच से एक-एक करके खांडवी पर डालें। तैयार हो गया गुजराती खांडवी। गर्मागरम हरे धनिए और कद्दूकस नारियल से खांडवी को गर्निश करके सर्व करें। ■

# ना सुनने की आदत



**यही है जिंदगी**

■ क्षमा शर्मा

**इन** दिनों ब्रांड का बोलबाला है। यह बोलबाला भारत में अधिकांश जगहों पर अब सुनाई-दिखाई देता है। कपड़े, घर का सामान, कारें, फ्रिज, एसी, माइक्रोवेव, मोबाइल, कम्प्यूटर, स्कूल, कालेज, सब मशहूर ब्रांड वाले ही चाहिए। ब्रांड के नाम पर नकली चीजों की भी भरमार है। इस शोर से बच्चे भी अछूते नही रहते है। वे भी न केवल, टी वी, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि पर इ.न चीजों के विज्ञापन देखते है, बल्कि अपने संगीसाथियों की चीजों पर भी नजर रखते है। विज्ञापन बनाने वाले जानते है कि यदि किसी वस्तु को जल्दी से जल्दी लोकप्रिय बनाना है, तो सबसे पहले उसे बच्चों की नजरों में लाना होगा। आजकल मध्यम वर्ग के छोटे परिवार है। एक-एक दो बच्चे है इसलिए माता-पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करना चाहते है। कुछ दशक पहले तक बच्चों की इच्छाओं का मतलब उनकी जरूरत की चीजें ही थी। उन्हें कौन सा कपड़ा चाहिए, कौन से खिलौने चाहिए। किस दोस्त के घर जाना चाहते है। क्या खाना चाहते है।

लेकिन अरसे से यह महसूस किया जा रहा है कि अब छोटे बच्चे उन चीजों की खरीददारी में भी अहम भूमिका निभाते है, जो सामान घर के अन्य लोगों के इस्तेमाल के लिए भी खरीदा जाता है। दुनिया भर की कंपनियां इस बात को जानती है। हाल ही में एक सर्वे में भी पता चला कि बच्चे अब घूमने की जगहों चुनाव भी खुद कर रहे है और अधिकांश माता-पिता को उनकी बातें माननी पड़ती है। पिछले दिनों की बात है। एक परिवार की गाड़ी पुरानी हो गई थी। नई गाड़ी खरीदनी थी। कौन सी गाड़ी खरीदी जाए इस पर बातें हो रही थी। दोस्तों से पूछा जा रहा था। नेट सर्च किया जा रहा था। कई मित्रों ने गाड़ी न खरीदने की भी सलाह दी। कहा कि कार वालों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार अच्छी-खासी चलती गाड़ी को कूड़ा बना देती है। स्क्रैप के लिए देना पड़ता है। इससे तो टैक्सी बेहतर है। कार में जितना पैसा लगता है, पेट्रोल तथा अन्य जो खर्चे होते है, उसके मुकाबले टैक्सी इन दिनों सस्ती पड़ती है। घर के आठ और दस साल के दोनों बच्चे कई दिनों से ये बातें सुन रहे थे। आठ साल की लड़की बोली- हमें गाड़ी चाहिए और नैनो जैसी छोटी कार नहीं चाहिए। दस साल के लड़के ने भी बहन की हां में हां मिलाई। बोला- पापा स्कूल में मेरे जितने भी दोस्त है, उन सबके पास लग्जरी कारें है। हमें भी वही चाहिए। पिता ने बहुत समझाने की कोशिश की कि जिस तरह से लग्जरी कार में जाते आते है,



छोटी और सस्ती कारों में भी वही किया जा सकता है। लेकिन बच्चे भला क्यों मानें। उन्हें तो अपने दोस्तों को दिखाना था। घर में कई दिनों तक इस बात पर बच्चों का रूठना-मटकना चला। अंत में माता-पिता को बहुत महंगी कार लेनी पड़ी। जिसकी भारी भरकम ईएमआई है। मजा यह कि जब तक कर्जा चुकेगा, कार पुरानी पड़ चुकी होगी। ठीक-ठाक हो तब भी सरकार के नियम के अनुसार उसे हटाना पड़ेगा।

विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह से कर्जा लेकर बच्चों की जिद पूरी करना कोई अच्छी बात नही है। आज तो हर जिद अगर पूरी हो भी जाए, मगर उनके आगे के जीवन के लिए यह अच्छा नही है। आज तो घरवाले प्यार और बच्चों की नाराजगी के डर से उनकी हर इच्छा पूरी कर रहे है। जीवन में जब बच्चे बड़े हो जाएंगे, तब कौन उनकी सारी इच्छा पूरी करेगा। इससे बहुत से लोग चुनौतियों का सामना नही कर पाते। वे अकसर अवसाद में चले जाते है। इसलिए बच्चों की हर जिद न पूरी करें। उनके सामने चुनौतियां और ना सुनने की आदत भी होनी चाहिए। ■



**डा के के पाण्डेय** वरिष्ठ वैस्कुलर एंव कार्डियो थोरेसिक सर्जन, इन्द्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

**देश में ऐसे लोगों की भरमार है, जिनकी जांघ पर या घुटने पर नीली नसें दिखती है। तीस पैंतीस की उम्र पार करने के बाद विशेषतया महिलायें यह शिकायत करती हुई पायी जाएंगी कि उनकी जांघ पर कुछ नीले रंग की नसें उभर आयी हैं। बच्चों को जन्म देने के बाद, माताओं के पैरों व जांघ पर ये नीली नसें उभर आती हैं। गर्भावस्था के दौरान अधिकांश महिलाओं के पैरों में मकड़ी के जालेनुमा नीली नसें उभर आती है पर डिलीवरी के बाद ये नसें गायब हो जाती हैं, पर कुछ महिलाओं में यह नसें स्थायी हो जाती है और पहले से ज्यादा फूल जाती हैं। अधेड़ उम्र की या वृद्ध महिलायें भी पैरों में उभरी नीली नसों की अक्सर शिकायत करती हैं।**

# मकड़ीनुमा नीली नसों से निजात



**टांगों में नीली नसें-** वे लोग जो कुर्सी पर लगातार घंटों बैठते हैं जैसे आफिस में काम करते हैं। वे महिलायें जो टेलीविजन सेट के आगे बैठ रहती हैं। बुजुर्ग लोग भी शिथिलता की वजह से या अपना अकेलापन दूर करने के लिऐ अपना सारा दिन का समय टेलीविजन के सामने बैठकर ही बिताते हैं। दुकानदार लोग पैरों की उभरी नीली नसों के शिकार होते हैं क्योंकि वे भी दिन भर बैठे रहते हैं। न्यायधीश व वकील भी इसकी शिकायत करते हैं। अध्यापक, अध्यापिकायें, ट्रैफिक पुलिस वाले और कारपोरेट ऑफिस में लगातार खड़े रहने वाली महिला व पुरूष अक्सर नीली नसों से बच नहीं पाते।

**क्यों उभरती है नसें-** जब गंदा खून टांगों व पैरों पर निर्धारित सीमा के बाहर इकट्ठा होने लगता है तो खाल के नीचे स्थित नसों में भरना शुरू हो जाता है जिससे उभरी नीली नसें दिखने लगती है। यह नसें शुरुआती दिनो में मकड़ी के जाले की तरह दिखती है पर शनैः शनैः उभरा ज्यादा दिखने लगता है। यह गन्दा खून (आक्सीजन रहित) नॉर्मल तरीके से टांगों व जांघों से ऊपर चढ़कर दिल में पहुँचता है और फेफड़े में जाकर शुद्ध होता है। अगर किसी वजह से यह गन्दा खून ऊपर नहीं चढ़ता है तो टांग व पैरों में इस गन्दे खून का इकट्ठा होना स्वाभाविक है।

**आधुनिक दिनचर्या दोषी -** आराम मतलब जिन्दगी व नियमित न टहलने की आदत, टांगों पर कहर बरपा कर रही है। गन्दे खून को ऊपर चढ़ानें के लिये टांग की मांसपेशियों के पम्प की आवश्यकता होती है। जितना चलेंगे उतना ही मांसपेशियों का पम्प काम करेगा और गन्दा खून ऊपर चढ़ जायेगा पैर गन्दे खून से रहित हो जायेगा। नियमित टहलना नहीं आरम्भ करते और वजन बढ़ाते हैं, तो यकीन मानिये कि टांगों व जांघों पर नीली नसें उभरेगी ही, साथ ही जानलेवा समस्या भी बन सकती है। टांग की अन्दरूनी नली यानी वेन्स में खून के कतरों का जमाव हो सकता है जिसके रास्ता पूरी तरह से अवरूद्ध हो जायेगा। जिससे दो नुक्सान है। टांगों की सूजन के साथ नीली नसें उभरेगी और दूसरा अगर खून के कतरे ऊपर चढ़कर फेफड़े की खून की नली में पहुंच गये, तो जान गंवाने का खतरा बढ़ जायेगा।



**सर्जन की सलाह -** अगर ऊपर बतायी दिनचर्या का इमानदारी से पालन करने के बावजूद, लाभान्वित नहीं हो रहे हैं तो तुरंत अनुभवी वैस्क्युलर सर्जन से परामर्श लें। वह टांगों की वेनस डॉप्लर नामक जांच करवा कर देखेगें कि गन्दा खून टांगों में कितनी मात्रा में इकट्ठा हो रहा है और टांगों की मांसपेशियों का पम्प कितना प्रभावाली है, नसों के अन्दर स्थित कपाट कितना ठीक से खुलते व बन्द होते हैं या नहीं, यह भी पता लग जाता है की कही वेन्स में पुराने खून के कतरे तो नहीं जमा हैं।

**इलाज -** अगर वेन्स में खून के कतरे जमा नहीं है तो उभरी हुई वेन्स में इन्जेक्शन स्क्लेरोथेरेपी करते है और अगर गन्दा खून टांगों में ज्यादा इकट्ठा नहीं हो रहा है और वेन्स के कपाट, यानी वाल्व ज्यादा क्षतिग्रस्त नहीं है तो शारीरिक व्यायाम, नियमित टहलना व क्रमित दबाव वाली जुराबें पहनने से समस्या कंट्रोल में आ जाती है। छः महीने के बाद ज्यादातर मरीजों में समस्या का निदान हो जाता है। अगर वेन्स के वाल्व ज्यादा खराब है तो लेजर तकनीक या आरएफए (रेडियो फ्रिक्वेंसी एब्लेशन) या वेनोसील तकनीक का इस्तेमाल करना पड़ता है। इससें मरीज को बेहोश नही करना पड़ता है और उसी दिन अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। आरएफए तकनीक ज्यादा लोकप्रिय और कारगर है। ■

**क्या करें -** उभरी पतली नीली नसों को ज्यादा दिन (लगभग 1 या 2 महीना) नहीं हुये हैं तो वक्त रहते चेत जाइये क्योंकि बगैर सर्जरी या लेसर के, इनसे छुटकारा पा लीजिये अन्यथा यह फूलना ुरू हो जायेगी। रोजाना टहलना ुरू करे, पाँच किलोमीटर सुबह और तीन किलोमीटर ााम को टहलें। अगर वजन ज्यादा है तो हर महीने गिराने का सोंचे, जब तक वजन उचित दायरे में न आ जायें। कभी एक घंटे से ज्यादा लगातार न बैठें। एक घंटा हो जाय तो तुरंत खड़े होकर दस मिनट टहलें फिर बैठ जायें, यह क्रिया दिन भर दोहरायें। लेटते वक्त पैरों के नीचे तकिया रख लें। इन निर्देषों को तीन महीने तक इमानदारी से पालन करें। सौ में से सत्तर लोंगो को इससे फायदा मिलेगा।

# थायराइड हेयर केयर टिप्स



**ब्यूटी**

■ शहनाज हुसैन

**थायराइड** में बाल झड़ने, रूखे और डैमेज होने की समस्या आम है इसके लिए क्या घरेलू उपाय अपनाए जा सकते है. गर्दन में छोटी ग्रंथि होती है। थायराइड हार्मोन बनाता और स्रावित करता है। यह ब्लड में कैल्शियम की मात्रा को भी नियंत्रित करता है और शरीर में कई अन्य कार्यो को प्रभावित करता है। बल कई कारणों से झड़ सकते है। एक कारण थायराइड का असंतुलन भी है यानी या तो थायरॉइड का कम है या थायरॉइड ग्रंथि का हाइपर (अधिक) काम करना। यदि लंबे समय तक थायरॉइड का इलाज नही किया जाता है तो बाल झड़ने लगते है और बेजान लगते है। थायराइड की कमी या हाइपरथायरायडिज्म का इलाज दवा से किया जाता है, तो बालों की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है, भले ही इसमें कुछ समय लग सकता है। थायरॉयड दवा के साथ-साथ विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट के लिए इंड्रोक्राइन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से परामर्श करें।

स्वस्थ बालों के लिए और बालों को झड़ने से रोकने के लिए खान-पान बहुत महत्वपूर्ण है। दैनिक आहार में ताजे फल और कच्चे सलाद, पत्तेदार हरी सब्जियां, साबुत अनाज और नेचुरल फूड्स शामिल करें। प्रोटीन के लिए लीन मीट, मछली, अंडा, पनीर, दही, दाल, मटर, बीन्स और नट्स लें। स्प्राउट्स बालों के लिए बहुत फायदेमंद होते है। मूंग और काला चना आसानी से घर में अंकुरित किये जा सकते है। बालों के लिए दही बहुत अच्छा होता है। बायोटिन, बी-विटामिन में फैटी एसिड भी बालों के लिए महत्वपूर्ण है। आवश्यक फैटी एसिड बालों के बढ़ने में मदद करते है, इसके लिए मछली, अलसी, अलसी के तेल, अखरोट और सोयाबीन लिया जा सकता है। बायोटिन अंडे, साबुत अनाज और लीवर में मौजूद होता है। खान-पान में बदलाव करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए, खासकर अगर कोई मेडिकल समस्या या बीमारी हो।



थायराइड के असंतुलन के कारण भी बाल खराब हो सकते है। बाल रूखे, बेजान, कमजोर हो जाते है। यह आसानी से टूट जाते है। बाल दो मुंहे हो जाते है और बाल झड़ते है। बेजान बालों में ब्रश का इस्तेमाल न करें और चिकने किनारों वाली चैड़े दांतो वाली कंघी का इस्तेमाल करें, खासकर जब बाल गीले हों। रूखे और क्षतिग्रस्त बालों के लिए हॉट ऑयल थेरेपी लें। एक भाग अरंडी के तेल में दो भाग नारियल का तेल मिलाएं। गरम करें और लगाएं। सिरों पर भी लगाएं। उंगलियों के पोरों से धीरे-धीरे सिर की मालिश करें। फिर बालों में ऑयल के बेहतर अवशोषण करने के लिए "हॉट टॉवल रैप का इस्तेमाल करें। रातभर तेल को लगा रहने दें, अगले दिन बालों को गुनगुने या ठंडे पानी से धो लें। बहुत गर्म पानी से बालों को न धोएं। ■

## कुछ घरेलू नुस्खे :

करी पत्ते में एंटीऑक्सिडेंट सहित पोषक तत्व होते है, जो जड़ों को स्वास्थ्य बनाते है और बालों के बढ़ने में मदद करते है। करी पत्ते में कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन और फोलिक एसिड जैसे मिनरल भी होते है और विटामिन सी, बी, ए, ई भी होते है, जो बालों और मजबूत बनाते है। करी पत्ते का पेस्ट बनाकर बालों में लगाएं। आधे घंटे बाद धो लें।

गुड़हल में चमत्कारी टॉनिक गुण होते है, जो बालों को झड़ने से रोकते है। कोल्ड इंफ्यूजन्स के लिए, फूलों और पत्तियों को एक से छह के अनुपात में रात भर ठंडे पानी में रखें। इस्तेमाल करने से पहले फूलों को निचोडे और पानी को छान लें। इससे बालों और स्कैल्प को धोएं और रूई से स्कैल्प में लगाएं।

सेब का सिरका भी बालों के लिए अच्छा होता है। ऑयली स्कैल्प और डैड्रफ के लिए पके पपीते के गूदे को बेसन, अंडे की सफेदी और चार चम्मच एप्पल साइडर विनेगर के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें। बालों में लगाएं और आधे घंटे बाद धो लें।

2 बड़े चम्मच शहद, एक बड़ा चम्मच तिल का तेल और एक अंडे की जर्दी लें। मिलाएं और स्कैल्प और बालों पर लगाएं। सिरों पर भी लगाएं। बालों को धोने से पहले प्लास्टिक शावर कैप पहनें और एक घंटे के लिए छोड़ दें।

केले और एवोकाडो के गूदे को मिलाएं और एक बड़ा चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। बालों के स्वस्थ व मुलायम बनाने और बालों को कंडीशन करने के लिए मिश्रण को हेयर पैक के रूप में लगाएं। एक घंटे बाद धो लें।

# टैरो



ऋचा श्रीवास्तव


(29 मार्च - 4 अप्रैल)




**मेष -(21मार्च -20अप्रैल )-** लाभ की उम्मीद कर सकते है। समय आ गया है की चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं को हाथ में लिया जाए। बुद्धि कौशल और परिश्रम के द्वारा सफलता हासिल करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन पर समय और ध्यान देने की आवश्यकता है। यात्रा का भी योग बन सकता है। व्यापार में वृद्धि और साझेदारियों के प्रबल योग है।




**वृषभ -(21अप्रैल -21मई )-** उज्जवल वित्तीय भविष्य है और धन में वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग अथवा व्यायाम अपनाएं। विवाह की बात चल सकती है। व्यापार को व्यापक बनाने के अवसर प्राप्त हो सकते है। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। कुछ लोगों को घर या ज़मीन खरीदने का मौका मिल सकता है।




**मिथुन -(22मई -21जून )-** पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। आहार का ध्यान रखना और योग अपनाने से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खर्च के प्रति सतर्क रहें। कोई भी फैसला जल्दबाज़ी में ना लें। खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान दें। छात्रों के लिए शैक्षणिक उपलब्धि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



**कर्क -(22जून -22जुलाई )-** कार्यछेत्र में कठिनाइयों के कारण प्रयास व्यर्थ जा सकते है। योजना बनाने का सही समय है। आकलन करें और फिर योजना बनाके आगे बढ़ें। निवेश से लाभ मिलने की उम्मीद है। अचानक की गयी यात्रा समृद्ध और शिक्षाप्रद होगी। यदि घर खरीदना या बेचना चाह रहे है तो समय अनुकूल है। परिवार के सदस्यों के बीच विवाद और मतभेद की सम्भावना है।



**सिंह -(23जुलाई -21अगस्त )-** बच्चों को समय दें एवं उनका मनोबल बढ़ाएं। व्यवसाय में बदलाव के बारे में विचार करेंगे। बदलाव शुभ साबित होगा। किसी भी निवेश के पूर्व उसके बारे में अच्छे से जानकारी ले लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में थोड़ा उतार चढ़ाव देखने को मिल सकते है। व्यापार में किसी भी समस्या का हल संयम और विनम्रता के साथ कर लेंगे।



**कन्या -(22अगस्त -23सितम्बर )-** मेहनत का मिलाजुला परिणाम मिलेगा। कारोबार की तरक्की को लेकर कोई अच्छा अवसर प्राप्त होगा। लम्बे समय के बाद खुद को माता पिता के बेहद करीब महसूस करेंगे। अत्यधिक काम का असर सेहत पर देखने को मिल सकता है। काम का दबाव बना रहेगा। मन को शांत रखें। संगीत सुनें। परिवार के साथ समय व्यतीत करें।



**तुला (24सितम्बर-23 अक्टूबर )-** व्यापार के लिए लाभदायक हो सकता है। धन को बढ़ा सकता है और आकर्षक नए अवसरों के द्वार खोल सकता है और आकर्षक अवसरों के द्वार खोल सकता है। परिवार और दोस्तों के साथ कोई खुशखबरी साझा की जा सकती है। आत्म संयम अच्छे मानिसक और शारीरिक स्वास्थ्य के रूप में प्रतिफल दे सकता है। पेशेवर ज्ञान की परीक्षा हो सकती है।



**वृश्चिक (24अक्टूबर-22नवंबर)-** नौकरी के प्रति असुरक्षा की भावना रह सकती है। व्यवसाय के लिहाज से भी समय ज्यादा अनुकूल नही है। सहकर्मियों और बॉस की वजह से थकान महसूस हो सकती है। यदि बदलाव के बारे में विचार कर रहे है तो अभी समय अनुकूल नही है। बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। स्वास्थ के प्रति लापरवाही ना बरतें, संतुलित आहार लें एवं ध्यान करें।



**धनु (23नवम्बर- 22दिसम्बर )-** आस पास के आराम में बहुत सारी खुशियां पा सकते है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। विवाह की बात चल सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। खान पान पर ध्यान दें। पेशेवर जीवन अच्छा होगा। जो लोग नौकरी की तलाश में है उनके लिए अच्छा रहेगा। तरक्की मिलने के भी योग है। यदि किसी नए प्रोजेक्ट को करने की योजना बना रहे है तो जानकारी लेकर ही आगे बढ़ें।



**मकर (23दिसम्बर-20जनवरी)-** नए घर के निर्माण या खरीदारी की योजना जल्द ही शुरू हो सकती है। व्यावसायिक रणनीति को व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए। आलस्य को ऊपर हावी ना होने दें अन्यथा बाधा बन सकती है। योग, स्वास्थ, आहार और नियमित व्यायाम ही स्वास्थ्य और प्रसन्नता का रहस्य है। जीवन साथी को थोड़ा समय दें और छोटी यात्रा पर जाने का विचार करें।



**कुम्भ (21 जनवरी-19फ़रवरी )-** खुद को सुधारने पर ध्यान दें। व्यायाम एवं ध्यान अपनाएं। जीवन साथी के साथ थोड़ा धैर्य के साथ खुलकर बात करें तो सामंजस्य अच्छा होगा। निवेश के पूर्व किसी से सलाह अवश्य लें। शैक्षणिक क्षमता को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करें। खर्च पर नियंत्रण रखें। काम में मन ना लगने के कारण पिछड़ सकते हैं।



**मीन (20फरवरी-20मार्च )-** डटे रहने और कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होगी। बाहरी लोगों के पारिवारिक मामलों में उलझने से झगडे हो सकते है, घर की शांति भंग हो सकती है। परिवार के साथ यात्रा पर जाने से मन बेहतर महसूस कर सकता है। तंगी से बहार निकलने के लिए किसी विशेषज्ञ की मदद से वित्त की योजना बनानी पड़ सकती है। ■

इस बार जल्दी गर्मी पड़ने के साथ लंबे समय तक खिली धूप से सौर बिजली परियोजनाओं का प्रदर्शन सुधरा है। चालू वित्त वर्ष में कुल परियोजनाओं में से 75 प्रतिशत सौर बिजली परियोजनाओं का परिचालन प्रदर्शन बेहतर हुआ। वहीं पिछले साल यह संख्या 59 प्रतिशत थी




### क्या कहती है क्रिसिल की रिपोर्ट

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सौर परियोजनाओं का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और इन 115 परियोजनाओं ने पूरे साल लगातार बिजली का उत्पादन किया है। ये सभी परियोजनाएं कम-से-कम पूरे एक साल से परिचालन में हैं।

### क्या होता है पी-90

पी-90 उत्पादन अनुमान को बताता है। यह परियोजना के पूर्ण क्षमता पर काम करने के भरोसे को बताता है। उदाहरण के लिए 10,000 किलोवाट प्रति घंटा का पी-90 मूल्य का मतलब है कि यह परियोजना लगभग 90 प्रतिशत समय 10,000 किलोवाट प्रति घंटा से अधिक बिजली पैदा करेगी।



### 75% प्रोजेक्ट ने हासिल किया पी-90

क्रिसिल क इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में इन परियोजनाओं में से 75 प्रतिशत पी 90 के स्तर पर पहुंच गईं, जबकि एक साल पहले ऐसी परियोजनाओं की संख्या 59 प्रतिशत थी।



**115** प्रोजेक्ट के आधार पर तैयार हुई है यह रिपोर्ट

**4600** मेगावाट है इन प्रोजेक्ट की कुल स्थापित क्षमता

### पी-90 नकदी प्रवाह के आकलन का भी है मानक

किसी सौर ऊर्जा परियोजना के खर्च का पी 90 मानदंड पर आकलन महत्वपूर्ण है। इसका उपयोग नकदी प्रवाह का आकलन करने के लिए भी किया जाता है।

### विश्व में चौथे नंबर पर

भारत में सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 61 गीगावाट से ज्यादा हो गई है। इसमें रूफ टॉप सोलर प्लांट का भी काफी हिस्सा है। इसके साथ ही दुनिया में सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता के मामले में भारत अब चौथे नंबर पर पहुंच गया है। उम्मीद की जा रही है इसी साल भारत इस क्षेत्र में दूसरा स्थान हासिल कर लेगा। इसकी वजह इस दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास हैं

स्रोत : भाषा

# यूको बैंकों की 50 ब्रांच खुलीं

■ राष्ट्रपति ने वर्चुअल तरीके से किया इनका उद्घाटन

कोलकाता (भाषा)।



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को परिसंपत्तियों का सृजन करने और जनता के धन की रक्षा करने के बीच सही संतुलन बनाना चाहिए। यहां यूको बैंक के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस संतुलन के गड़बड़ाने से समस्या खड़ी हो जाएगी जिससे विकास की प्रक्रिया बाधित हो सकती है। मुर्मू ने देश के 18 राज्यों में यूको बैंक की 50 शाखाओं का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा, 'बैंकों की पहली जिम्मेदारी जनता के धन की रक्षा करना है। उनका दूसरा अहम पहलू है परिसंपत्तियों का सृजन करना। इस संतुलन को कायम रखना जरूरी है अन्यथा आर्थिक समस्या खड़ी हो जाएगी।'

## संक्षिप्त खबरें

### BMW लाएगी 19 माडल

नई दिल्ली। लग्जरी वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू इस साल भारत में 19 कार माडल उतारने की योजना बना रही है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल होंगे। कंपनी भारतीय बाजार में अपनी दो अंकीय वृद्धि को कायम रखना चाहती है। बीएमडब्ल्यू को 2023 में देश में अपनी बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि उसकी कुल बिक्री में 15 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहनों का रहेगा। समूह की योजना इस साल भारत में बीएमडब्ल्यू मोटोराड व्यवसाय के तहत तीन बाइक मॉडल पेश करने की भी है। इन माडलों में तीन बाइक शामिल हैं।

### कोल ब्लाक नीलामी आज से

नई दिल्ली। सरकार कोयला खदानों के सातवें दौर की वाणिज्यिक नीलामी बुधवार को शुरू करेगी। इसमें 106 कोयला ब्लाक रखे जाएंगे। कोयला मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह छठे दौर की नीलामी में शामिल 28 कोयला ब्लाक के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। बयान के अनुसार, 'कोयला मंत्रालय छठे दौर में नीलाम किए गए 28 कोयला खदानों के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। कोयला ब्लाक के सातवें दौर की नीलामी 29 मार्च को होगी।'

### जियो का नया प्लान

नई दिल्ली। फिक्स्ड ब्राडबैंड खंड में प्रतिस्पर्धा तेज करते हुए जियो ने 198 रुपए मासिक का शुरुआती स्तर का प्लान पेश किया है। इस प्लान को ब्राडबैंड बैक-अप प्लान का नाम दिया गया है। इसमें अधिकतम इंटरनेट की गति 10 मेगाबाइट प्रति सेकंड की होगी। अभी तक जियो फाइबर कनेक्शन के लिए न्यूनतम मूल्य 399 रुपए मासिक था। जियो के प्रवक्ता ने कहा कि हम ग्राहकों की हर समय 'कनेक्ट' रहने की जरूरत को समझते हैं। जियोफाइबर बैकअप के लिए हम घरों के लिए वैकल्पिक विश्वसनीय ब्राडबैंड कनेक्टिविटी की पेशकश करना चाहते हैं।


### आरकैप की नीलामी चार को

नई दिल्ली। कर्ज में फंसी कंपनी रिलायंस कैपिटल के कर्जदाताओं ने समाधान प्रक्रिया के तहत अधिक राशि जुटाने के लिए चार अप्रैल को दूसरे दौर की नीलामी करने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने नीलामी के दूसरे दौर की योजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया गया। इस बीच, पहले दौर की नीलामी में शामिल हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने 9,000 करोड़ रुपए की संशोधित बोली पर टिके रहने के फैसले से सीओसी को अवगत कराया है। नए दौर की नीलामी के लिए कर्जदाताओं ने 9,500 करोड़ रुपए की शुरुआती बोली तय की है जिसमें न्यूनतम नकद राशि 8,000 करोड़ होगी।(एजेंसी)

# वैश्विक वृद्धि में भारत व चीन का होगा आधा योगदान

बीजिंग (भाषा)।

आर्थिक सुस्ती का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की इस साल की वृद्धि में भारत और चीन मिलकर करीब आधा योगदान देंगे जिससे एशिया 'असाधारण प्रदर्शन' करने वाला महाद्वीप बनकर उभरेगा। चीन के एक शोध संस्थान ने यह अनुमान जताया है।



चीन सरकार के अग्रणी शोध संस्थान 'बाओ फोरम फार एशिया' (बीएफए) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2023 में एशियाई अर्थव्यवस्थाएं दुनिया के समग्र आर्थिक पुनरुद्धार की रफ्तार को बनाए रखे हुए है। इस तरह वैश्विक आर्थिक सुस्ती के दौर में एशिया का प्रदर्शन असाधारण साबित हो रहा है। हैनान प्रांत के बाओ में आयोजित चार-दिन के सम्मेलन के पहले दिन 'एशियाई आर्थिक परिदृश्य एवं एकीकरण में प्रगति' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की गई। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में एशिया की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वर्ष 2022 के 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत और चीन इस साल वैश्विक आर्थिक वृद्धि में मिलकर आधा योगदान देने वाले है। इस तरह एशियाई अर्थव्यवस्थाएं वर्ष 2023 में समग्र आर्थिक वृद्धि को तेज करने में प्रमुख इंजन बनी हुई है।

## यूट्यूब वीडियो मामले में अरशद वारसी व उनकी पत्नी को सैट से राहत

नई दिल्ली (भाषा)।


प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने यूट्यूब पर निवेश संबंधी भ्रामक वीडियो डलने के मामले में फिल्म अभिनेता अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेटी पर प्रतिबंध लगाने के बाजार नियामक सेबी के आदेश को खारिज कर दिया है। अरशद और उनकी पत्नी पर आरोप था कि उन्होंने यूट्यूब पर वीडियो डलकर निवेशकों को साधना ब्रॉडकास्ट के शेयर लेने की सलाह दी थी।

सेबी ने गत दो मार्च को अरशद व अन्य 31 लोगों को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। यह कार्रवाई 'फर्जी एवं चालाकी से भरी' योजना में इन लोगों की संलिप्तता के आरोप में की गई थी। सेबी के आदेश के मुताबिक अरशद ने इस योजना से 29.43 लाख रुपए का मुनाफा कमाया और उनकी पत्नी को 37.56 लाख का लाभ हुआ। आदेश के खिलाफ अरशद व अन्य ने प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण में अपील की थी। न्यायाधिकरण ने सेबी के आदेश को खारिज करते हुए कहा है कि संबंधित वीडियो बनाने, उसके वितरण, प्रोत्साहन और यूट्यूब चैनलों पर अपलोड करने में वारसी दंपती की संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं सामने आया है।

# जीडीपी में घटाई जाएगी लाजिस्टिक लागत : शाह

■ अगले पांच साल में कम करके साढ़े सात फीसद पर लाएगी सरकार

नई दिल्ली (भाषा)।



केंद्र सरकार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लाजिस्टिक्स लागत को मौजूदा 13 प्रतिशत से कम करके 7.5 प्रतिशत पर लाने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्योग मंडल एसोचैम के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए मंगलवार को यह बात कही। शाह ने कहा कि देश के बुनियादी ढांचे में विकास और लाजिस्टिक्स लागत में कमी के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में लाजिस्टिक्स लागत जीडीपी की 13% है जबकि बाकी की दुनिया में यह आठ प्रतिशत है। इससे भारत के निर्यात के लिए विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनना कठिन हो जाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'हमें 13 प्रतिशत और आठ प्रतिशत के इस अंतर को दूर करना होगा। हमने अगले पांच वर्ष के लिए एक रूपरेखा बनाई है। मै यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि अगले पांच वर्ष में हम लाजिस्टिक्स लागत को घटाकर 7.5 प्रतिशत पर ले आएंगे।' शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे में 100 लाख करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है।

### कश्मीर में नीतियां निवेश करने के लायक

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की नीतियां और कानून-व्यवस्था निवेश करने के लिए उपयुक्त है और उद्योगपतियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में शाह ने यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को सही तथा देश को प्रगति की राह पर ले जाने वाली बताते हुए शाह ने यहां कहा, "आपको बाजार तथा लाभप्रदता को ध्यान में रखते हुए एक क्षेत्र का चयन करना चाहिए।

# अडाणी ग्रीन दीर्घकालिक निगरानी में

■ समूह की कंपनियों के शेयर टूटने के कारण उठाया गया यह कदम

नई दिल्ली (भाषा)।

शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि अडाणी ग्रीन एनर्जी को मंगलवार, 28 मार्च से दीर्घकालिक अतिरिक्त निगरानी कदम (एएसएम) के दूसरे चरण के दायरे में रखा जाएगा। शेयर बाजारों के परिपत्रों में यह जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया कि अडाणी ग्रीन एनर्जी एएसएम रूपरेखा के दायरे में बनी रहेगी लेकिन 28 मार्च से इसे संबंधित उच्च चरण में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

इससे पहले एनएसई और बीएसई ने अडाणी समूह की दो कंपनियों अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन को दीर्घकालिक एसएसएम के दूसरे चरण से हटाकर शुक्रवार को पहले चरण में रख दिया था। इससे पहले, 17 मार्च को दोनों शेयर बाजारों ने अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी को दीर्घकालिक एएसएम के पहले चरण में रखा था।

### अडाणी की सभी कंपनियों के शेयर टूटे

नई दिल्ली (भाषा)। अडाणी समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान अडाणी एंटरप्राइजेज को हुआ। कंपनी का शेयर सात प्रतिशत टूट गया। बीएसई में अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 7.06 प्रतिशत नीचे आ गया। अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 5.66 प्रतिशत, अडाणी पावर में पांच प्रतिशत, अडाणी ट्रांसमिशन में पांच प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी में पांच प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस में पांच प्रतिशत तथा अडाणी विल्मर में 4.99 प्रतिशत का नुकसान रहा। एनडीटीवी का शेयर 4.99 प्रतिशत, एसीसी 4.22 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स 2.91 प्रतिशत नीचे आया। दिन में कारोबार के दौरान समूह की कई कंपनियों के शेयर अपने निचले सर्किट को छू गए।

## अडाणी ने एक और मीडिया समूह में हिस्सेदारी ली

नई दिल्ली (भाषा)।

अडाणी की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने राघव बहल-प्रवर्तित डिजिटल आर्थिक समाचार मंच क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया प्राइवेट लि. की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का करीब 48 करोड़ में अधिग्रहण किया है।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में अडाणी एंटरप्राइजेज ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने इस अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। इसकी घोषणा पिछले साल मई में की गई थी। कंपनी ने कहा कि 47.84 करोड़ रुपए का यह अधिग्रहण सौदा 27 मार्च को पूरा हुआ। क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया समाचार मंच ब्लूमबर्ग क्विंट का संचालन करती है जिसे अब 'बीक्यू प्राइम' कहा जाता है।

# हैंड बैगेज से इलेक्ट्रानिक वस्तुएं निकालने की नहीं होगी जरूरत

■ हवाईअड्डों पर टोमोग्राफी एक्सरे स्कैनर लगाने पर विचार

नई दिल्ली (भाषा)। नागर विमानन मंत्रालय हवाईअड्डों पर एक्स-रे बैगेज स्कैनर लगाने पर विचार कर रहा है जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान सुरक्षा जांच के समय अपने हैंड बैगेज से इलेक्ट्रानिक सामान निकालने की जरूरत नहीं होगी। अभी यात्रियों को हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान इलेक्ट्रानिक सामान निकालकर अलग ट्रे में रखना होता है।

नागर विमानन राज्य मंत्री वीके सिंह ने बताया कि मंत्रालय हवाईअड्डों पर कंप्यूटेड टोमोग्राफी एक्स-रे (सीटीएक्स) बैगेज स्कैनर लगाने की अवधारणा पर विचार कर रहा है, जिसमें यात्रियों को सुरक्षा जांच के दौरान अपने हैंड बैगेज से इलेक्ट्रानिक सामान नहीं निकालने होंगे। उन्होंने एक लिखित उत्तर में कहा, 'इससे हवाईअड्डों पर समय दक्षता बढ़ सकती है और यात्रियों के लिए सुरक्षा जांच में भी आसानी हो सकती है। इसके लिए तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन चल रहा है।'

# हिंदी के ईमेल सपोर्ट करेगी सरकार की आईटी प्रणाली

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार की सभी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियां अगले दो साल में हिंदी भाषा की लिपि में लिखे ईमेल को भी समर्थन (सपोर्ट करना) देना शुरू कर देंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भुवनेश्वर कुमार ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के 15 मंत्रालयों की वेबसाइट को यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस (यूए) के अनुकूल बनाने का काम शुरू हो चुका है और इन वेबसाइट पर हिंदी में भी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

कुमार ने कहा, 'स्थानीय भाषा की लिपि में ईमेल संचार को संभव करने का काम दो साल में पूरा कर लिया जाएगा। शुरुआत में यह हिंदी भाषा को सपोर्ट करेगा और बाद में अन्य स्थानीय भाषाओं में भी ईमेल सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य सरकारों को भी स्थानीय भाषाओं में सामग्री मुहैया कराने के लिए प्रोत्साहन दे रहा है। वैश्विक इंटरनेट संस्था आईसीएएनएन भाषाई सीमाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस को समर्थन देती रही है। यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस के जरिए बांग्ला, देवनागरी, गुजराती, गुरुमुखी, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया आदि लिपियों में भी संचार करने वाली प्रौद्योगिकी का विकास करने की मंशा है।

## अवांछित काल और संदेश तुरंत रोकें दूरसंचार कंपनियां

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा है कि वह अवांछित काल और संदेशों पर रोक के लिए तत्काल कदम उठाएं। ट्राई ने भारती एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया के साथ अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) का पता लगाने के मुद्दे पर समीक्षा बैठक की।

ट्राई ने देश में काम कर रहे दूरसंचार परिचालकों से कहा कि वे बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना इस्तेमाल वाले टेंपलेट को साफ करने को कहें। बैठक के दौरान वोडाफोन आइडिया ने कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# बंद हो सकता है वीआई का परिचालन

■ भारी कर्ज के बोझ तले दबी है कंपनी ■ प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी का संकट बढ़ा

मुंबई (भाषा)।

दूरसंचार क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच वोडाफोन आइडिया संकट में फंसती दिख रही है। बढ़ते कर्ज के साथ जरूरी राशि जुटाने में देरी के बीच कंपनी बढ़ती प्रतिस्पर्धा से उत्पन्न कारकों के कारण परिचालन भी बंद कर सकती है। एक घरेलू ब्रोकरेज कंपनी ने यह बात कही। उसने यह भी कहा कि महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर रहने के बीच दूरसंचार कंपनियां अगले साल आम चुनाव के बाद संभवतः जून 2024 में शुल्क दरें बढ़ाना शुरू करेंगी।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि शुल्क दर में वृद्धि के अभाव में वोडाफोन आइडिया जरूरी निवेश और 5जी सेवाएं शुरू नहीं कर पाएगी। इससे कंपनी के ग्राहकों की संख्या और घटेगी तथा इससे पूंजी जुटाने की योजना को हकीकत रूप देना मुश्किल होगा। रिपोर्ट के अनुसार, इससे बाजार में केवल दो कंपनियां रिलायंस जियो और भारती एयरटेल रह जाएंगी। फलतः दीर्घकाल में दो कंपनियों के एकाधिकार (द्वयाधिकार) की स्थिति को लेकर चिंता है। ब्रोकरेज कंपनी के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों के आम चुनाव के बाद ही जून, 2024 में शुल्क दरें बढ़ाने की संभावना है।

रिपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक, 'शुल्क दरों में वृद्धि में देरी से वोडाफोन आइडिया पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और उसका बाजार में टिके रहना कठिन होगा। फलतः बाजार में दो कंपनियों के एकाधिकार की स्थिति पैदा होगी।' इसमें कहा गया है कि वोडाफोन आइडिया को 4जी दायरा बढ़ाने और 5जी सेवाएं शुरू करने के लिये निवेश बढ़ाने की जरूरत है। रिपोर्ट में आगाह करते हुए कहा गया है कि अगर कंपनी ने निवेश नहीं किया, तो उसकी बाजार हिस्सेदारी घटती जाएगी।

## कई माह बाद चीन में दिखाई दिये जैक मा

हांगकांग (एपी)। ई-कामर्स कंपनी अलीबाबा के संस्थापक कई महीनों तक अलग-अलग देशों के दौरे पर रहने के बाद को एक बार फिर चीन में नजर आए।

वह हांगझू शहर के एक स्कूल में गए और उन्होंने कृत्रिम मेधा जैसे विषयों पर चर्चा की। स्कूल की शुरुआत मा और उनके साझेदारों ने ही की थी। मा ने 1990 के दशक में ई-कामर्स कंपनी अलीबाबा का गठन किया था। नवम्बर, 2020 में वह चीन के नियामकों और वित्तीय प्रणाली की खुलेआम आलोचना करने के बाद सार्वजनिक रूप से काफी कम दिखाई देते थे। उनकी इस टिप्पणी के बाद चीन के प्राधिकरणों ने अलीबाबा के वित्तीय सहयोगी एंट समूह के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को भी रोक दिया था।

# सरकार ने बिना मांगे एसबीआई में डाली ₹8800 करोड़ की पूंजी

■ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में हुआ यह खुलासा ■ कहा, मानक के तहत नहीं किया गया पूंजी जरूरत का आकलन

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी डाले जाने की पहल के तहत वित्त वर्ष 2017-18 में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 8,800 करोड़ रुपए दिये थे। हालांकि देश के सबसे बड़े बैंक ने इस राशि की मांग ही नहीं की थी। देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने संसद में पेश रिपोर्ट में यह खुलासा किया।

कैग ने मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए अनुपालन ऑडिट रिपोर्ट में कहा कि वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभाग ने पूंजी डाले जाने से पहले अपने मानकों के तहत पूंजी जरूरत का आकलन नही किया।



नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने केंद्र सरकार (आर्थिक और सेवा मंत्रालयों) पर 2023 की रिपोर्ट में कहा, 'वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 2017-18 में 8,800 करोड़ रुपए की पूंजी एसबीआई में डाली। यह राशि देश के सबसे बड़े बैंक में कर्ज वृद्धि के मकसद से डाली गई, हालांकि इसकी कोई मांग ही नही की गई थी। विभाग ने पूंजी डालने से पहले अपने मानदंडों के तहत पूंजी जरूरतों का आकलन नहीं किया।'

रिपोर्ट के अनुसार, विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में पूंजी डालते समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्धारित मानदंडों से भी आगे बढ़कर राशि जारी की। आरबीआई ने पहले ही देश में बैंकों को लेकर अतिरिक्त एक प्रतिशत की अतिरिक्त पूंजी आवश्यकता निर्धारित की थी। इसके परिणामस्वरूप 7,785.81 करोड़ रुपए का अतिरिक्त पूंजी प्रवाह हुआ।

### सार्वजनिक बैंकों के कर्ज पर नजर रखने के निर्देश

नई दिल्ली (भाषा)। वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बड़े कर्जो पर समुचित नजर रखने और बड़ी कंपनियों के गिरवी रखे शेयरों के लिए पर्याप्त प्रावधान करने को कहा है। अमेरिका तथा यूरोप में कुछ बैंकों के विफल होने के बाद उत्पन्न वैश्विक वित्तीय हालात को देखते हुए मंत्रालय ने यह बात कही है। सूत्रों के अनुसार, समय पर कदम उठाने के लिए गिरवी रखी प्रतिभूतियों को लेकर एकीकृत बाजार आंकड़े की जरूरत है।

## तुअर दाल के स्टाक की निगरानी को समिति का गठन

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए आयातकों, मिलों, स्टाकिस्टों और व्यापारियों के पास मौजूद तुअर दाल के स्टॉक की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सरकार घरेलू बाजार में बाकी दालों के स्टाक की स्थिति पर भी करीब से नजर रख रही है ताकि आने वाले महीनों में कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में जरूरी कदम उठाए जा सकें। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय अच्छी मात्रा में आयात होने के बावजूद बाजार के कारोबारियों द्वारा स्टाक जारी नही करने की खबरों के मद्देनजर लिया गया है।

# नई शुरुआत करना चाहेगी मुंबई इंडियंस

## पिछले साल अंकतालिका में अंतिम पायदान पर रही थी टीम, बेंगलुरु के खिलाफ दो अप्रैल को करेगी अपने अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल के 16वें सीजन की शुरुआत से पहले कहा कि वह इस सत्र में पिछले साल के टीम के प्रदर्शन के बदलना चाहते हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में आईपीएल की सबसे सफल टीम और पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 2022 की अंकतालिका में अंतिम (10वें) पायदान पर रहीं थी। यह मुंबई इंडियंस का आईपीएल इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन था।

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के मुताबिक, वास्तव में मैं इस सीजन का इंतजार कर रहा हूं। यह काफी रोमांचक होने वाला है। पिछला साल हमारे लिए अच्छा नहीं था। लेकिन इस साल बीते सीजन के प्रदर्शन को बदलने के लिए उत्सुक हैं। हमारे पास बेहतर खिलाड़ी हैं। आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस की बात की जाए तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से टीम को तगड़ा झटका लगा है, लेकिन टीम में कई मैच विनर खिलाड़ी हैं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के जुड़ने से मुंबई की गेंदबाजी और दमदार हुई है। रोहित शर्मा आईपीएल के सबसे सफल कप्तान हैं। वह अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। रोहित शर्मा ने अपने नेतृत्व में मुंबई इंडियंस को साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जिताया। इस बार रोहित टीम को छठी बार मुंबई को विजेता बनाने पर होंगी। मुंबई इंडियंस दो अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।




**मुंबई इंडियंस की टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), टिम डेविड, रमनदीप सिंह, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, जोफ्रा आर्चर, अर्जुन तेंदुलकर, अरशद खान, कुमार कार्तिकेय, ऋतिक शौकीन, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल, कैमरन ग्रीन, पीयूष चावला, डुआन जानसन, विष्णु विनोद, शम्स मुलानी, नेहल वढेरा, राघव गोयल।

### इशान व कप्तान रोहित करेंगे पारी की शुरुआत

मुंबई इंडियंस की पारी की शुरुआत इशान किशन और कप्तान रोहित शर्मा करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा के पास आईपीएल के अलावा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट का भी अच्छा खासा अनुभव है। वह आईपीएल चौथे टॉप स्कोरर हैं रोहित ने कुल 227 मैच खेले हैं, जिसमें 5879 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 40 अर्धशतक शामिल है। पिछले ऑक्शन में सबसे महंगे बिकने वाले युवा बल्लेबाज इशान किशन पर इस बार भी सबकी नजर होगी। पिछले बार कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन इस बार टीम को उनसे काफी उम्मीद है। वह अभी तक 75 मुकाबले खेले चुके हैं। इसमें 132.34 की स्ट्राइक रेट से कुल 1870 रन बनाए हैं। इसमें 12 अर्धशतक शामिल हैं।

### जोफ्रा के हाथों में होगी गेंदबाजी की कमान

मुंबई ने जोफ्रा को पिछले सीजन खरीदा था। वह चोटिल होन के कारण एक भी मुकाबला नहीं खेल सके लेकिन अपने आखरी सीजन में 2020 में उन्होंने 14 मैचों में 20 विकेट अपने नाम किए है। अब चोट से पूरी तरह फिट है और इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी भी कर चुके है। बुमराह के बिना आर्चर पर तेज गेंदबाजी की पूरी जिम्मेदारी होगी। मुंबई को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के जेसन बेहरेनडोर्फ जोफ्रा का साथ देते हुए नजर आ सकते है। मुंबई ने उन्होंने ट्रेड के जरिये अपने साथ जोड़ा है और उनके तेज रफ्तार आर्चर को एक अच्छा साथी दे सकती है। वही स्पिन डिपार्टमेंट में टीम अनुभवी पीयूष चावला और युवा कुमार कार्तिकेय दिखाई देंगे। पिछले कुछ सीजन से पीयूष ज्यादा मौके नहीं मिले है लेकिन वह आईपीएल के सबसे अनुभवी स्पिनरों में से एक है। 34 साल के स्टार गेंदबाज पीयूष चावला ने तीन टीमों के साथ अभी तक कुल 165 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 7.88 की इकोनॉमी से 157 विकेट चटकाए हैं। कुमार कार्तिकेय ने पिछले सीजन में कुछ मैचों में खेलने का मौका मिला। वह सिर्फ 4 मैच खेलने उतरे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी फिरकी में पांच खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाए थे। टीम लीग मुकाबले से बाहर हो गई थी। लेकिन इस बार टीम में उनको जगह मिलती है तो वह टीम के सही साबित हो सकते हैं।

### मध्यक्रम में सूर्या और तिलक, ऑलरांउडर की भूमिका में होंगे टिम डेविड, ग्रीन व अर्जुन

दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार नंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगे। सूर्यकुमार 123 मैच में 136.78 की स्ट्राइक रेट से 2644 रन बनाए हैं। इसमें 16 अर्धशतक शामिल है। नंबर चार पर टीम एक और युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा नजर आयेंगे। पिछले सीजन में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। नंबर पांच पर टिम डेविड नजर आ सकते है। टी20 क्रिकेट में टिम का स्ट्राइक रेट 210 का रहा है इसके साथ ही वह पारी के आखरी ओवरों में तेजी से रन बनाने में भी माहिर है। डेविड ने पिछले सीजन में 8 मैचों में 186 रन बना सके। हाल ही में उन्होंने पीएसएल में भी कुछ अच्छी पारियां खेली हैं, ऐसे में इस साल मुंबई के लिए टिम डेविड एक मुख्य खिलाड़ी होंगे। नंबर 6 पर आपको निचले क्रम में ऑलराउंडर के तौर पर कैमरून ग्रीन नजर आने वाले है। ग्रीन का प्रदर्शन इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी शानदार रहा है लेकिन अभी तक आईपीएल में उन्होंने अपना डेब्यू नहीं किया है। अपने पहले सीजन में भारतीय पिचों पर ग्रीन बल्ले से साथ-साथ गेंदबाजी में भी कमाल कर सकते है। वही नंबर सात पर डेब्यू करते हुए अर्जुन तेंदुलकर नजर आ सकते है। वह हालिया घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया था। चोटिल खिलाड़ियों से परेशान मुंबई अपने दोनों युवा ऑलराउंडरों पर दांव लगा कर खिताबी जीत का दम भर सकती है। वहीं नंबर आठ पर रमनदीप सिंह को भी मौका मिल सकता हैं।

### आईपीएल की शुरुआत में चेन्नई के लिए गेंदबाजी नहीं करेंगे बेन स्टोक्स

चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला बेन स्टोक्स बाएं घुटने की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती हिस्से में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं। पिछले महीने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे पर स्टोक्स के घुटने की पुरानी चोट उभर आयी, जिसके कारण उन्होंने दो टेस्ट मैचों में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की। स्टोक्स ने टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद यह स्वीकार भी किया कि उन्हें घुटने की चोट के कारण परेशानी हो रही है। सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा, मेरा ख्याल है कि वह बतौर बल्लेबाज खेलने के लिए तैयार हैं। गेंदबाजी के लिए हमें इंतजार करना होगा। इंजेक्शन लगने के बाद उन्होंने रविवार को हल्की गेंदबाजी की थी।

### बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजियों को दिए निर्देश

बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजियों को अनुबंधित भारतीय गेंदबाजों से नेट्स में प्रैक्टिस के समय अधिक गेंदबाजी ना कराने की हिदायत दी हैं। दरअसल आईपीएल 2023 के सीजन के समाप्त होने के ठीक बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए इंग्लैंड रवाना होना है। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों का पूरी तरह से फिट बेहद जरूरी है। एनसीए में फीजियो नितिन पटेल और भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने एक जूम मीटिंग के जरिए सभी फ्रेंचाइजियों के ट्रेनर्स और फीजियोथेरेपिस्ट को भारतीय गेंदबाजों को लेकर इन निर्देशों के बारे में जानकारी दी। इस साल के अंत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड के लिए 20 खिलाड़ियों को पहले से ही शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है, इनके भी वर्कलोड को लेकर सभी चीजें ध्यान में रखी जा रही हैं, ताकि आईपीएल के दौरान यह खिलाड़ी किसी भी तरह की गंभीर चोट का शिकार ना बन जाएं।

# कार्तिक, शेखर सेमीफाइनल में पहुंचे

इंदौर। नेशनल व्हीलचेयर टेनिस टूर्नामेंट में देशभर से आए व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ी अपना जौहर दिखा रहे है। शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के कार्तिक करुणाकरण, दूसरी वरीयता प्राप्त कर्नाटक के शेखर वीरास्वामी आसानी से पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचे।

इंदौर टेनिस क्लब में भारतीय टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश टेनिस संघ द्वारा आयोजित अपोलो क्रिएशन प्रालि द्वारा प्रायोजित एवं येलो डायमंड व बीआर गोयल इन्फ्रा लि. द्वारा सह प्रायोजित इस स्पर्धा में हुए पुरुष एकल वर्ग में पहले क्वॉर्टर फाइनल में प्रथम क्रम प्राप्त कार्तिक करुणाकरण ने अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश के इंद्रजीत पांडे को 9-1 से पराजित किया। दूसरे क्वॉर्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त कर्नाटक के शेखर वीरास्वामी ने छठीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के सुरेश कुमार एस को 9-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीसरे क्वॉर्टर फाइनल पांचवीं वरीयता प्राप्त बालाचंदर सुब्रमण्यम ने उलटफेर करते हुए तमिलनाडु के तीसरी वरीयता प्राप्त मरियप्पन को बेहद आसानी से 9-0 से मात दी। बालाचंदर के खेल के आगे मरियप्पन नतमस्तक नजर आए। चौथे क्वॉर्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त तमिलनाडु के साथाशिवम कन्नूपयान ने आठवें क्रम के कर्नाटक के मधुसुदन एच को थोड़े संघर्ष के बाद 9-4 से हराया। महिला एकल के राउंड राबिन मुकाबलों में प्रथम क्रम प्राप्त कर्नाटक की शिल्पा केपी ने दूसरे क्रम की प्रथिमा नारायण राव को 9-2 से हराया। शिल्पा ने अपना शानदार खेल दिखाते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की और शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं राउंड राबिन के दूसरे मुकाबले में कर्नाटक की नलिना कुमारी ने तमिलनाडु की शेरिथा थामस को 9-3 से मात दी।

# पाक ने मैच व अफगानिस्तान ने जीती सीरीज

### शादाब खान का दोहरा प्रदर्शन

शारजाह। मैन ऑफ द मैच कप्तान शादाब खान के दोहरे प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान ने अंतिम टी-20 में अफगानिस्तान को 66 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से समाप्त की। पाकिस्तान की यह सांत्वना भरी थी क्योंकि अफगानिस्तान पहले ही सीरीज जीत चुका था।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जबाव में अफगानिस्तान की टीम 116 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत



अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस एक रन, तय्यब ताहिर 10 रन और अब्दुल्लाह शफीक 23 रन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहें। लेकिन युवा ओपनर सैम अयूब के एक छोर संभाले रहे। उन्होंने 40 गेंदों पर 49 रन और शादाब खान ने 28 तथा इफ्तिखार अहमद ने 31 रन को योगदान दिया। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक दो विकेट लिए वहीं फजलहक फारुकी, मोहम्मद नबी, फरीद अहमद, राशिद खान, करीम जनत को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान पहले दो मैचों की सफलता को नहीं दोहरा पाया और 18.4 ओवर में 116 रन पर लुढ़क गया। अफगानिस्तान के लिए ओमरजाई ने सर्वाधिक 21 रन बनाए।

# स्पेन मास्टर्स: प्रियांशु ने मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

### प्री-क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची ध्रुव-अर्जुन की जोड़ी



मैड्रिड। भारत के प्रियांशु राजावत ने मंगलवार को पुरुष एकल क्वॉलीफिकेशन दौर में दो शानदार जीत दर्ज कर स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

दुनिया के 60वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 21-18 18-21 21-15 से हराने से पहले अल साल्वाडोर के उरीएल फ्रांसिस्को कैनजुरा अर्टिगा को 21-18 18-21 21-15 से मात दी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली को 16-21 21-17 21-12 से हराकर प्री-क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। मीराबा लुवांग मैसनम, हालांकि क्वॉलीफायर के शुरुआती दौर को पार नहीं कर सके। वह लैनियर से 14-21 18-21 से हार गए। रोहन कपूर एवं एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी एवं अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की महिला युगल जोड़ी भी क्वॉलिफिकेशन से आगे बढ़ने में नाकाम रही।

### अगले माह होगी एमपीटीएल लीग, आठ फ्रेंचाइजी टीमों ने अपनी किट लांच की

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस लीग (एमपीटीएल) 29 अप्रैल से इंदौर टेनिस क्लब में खेली जाएगी। इसके साथ शहर में पेशेवर टेनिस के नए युग की शुरुआत होगी। इस लीग की कुल पुरस्कार राशि 18 लाख रुपए है। एमपीटीएल के इस सत्र के लिए आठ फ्रेंचाइजी टीमों के लिए उद्योग जगत ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, वह टेनिस खेल के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। किसी भी खेल की लीग से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस लीग में खेलेंगे। कार्यक्रम में सभी टीमों ने अपनी किट लांच की। इस दौरान खिलाड़ी, कोच और पदाधिकारी मौजूद थे। नीलामी में 120 खिलाड़ियों पर टीमों ने बोली लगाई। सबसे ज्यादा होड़ महिला वर्ग में सारा यादव को लेने के लिए हुई।

### छेत्री और झिंगन के गोलों से भारत विजयी

**इंफाल।** कप्तान सुनील छेत्री और संदेश झिंगन के गोलों की बदौलत भारत ने मंगलवार को किर्गिज गणराज्य को 2-0 से हराकर त्रिकोणीय दोस्ताना टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। खुमान लंपक स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में झिंगन ने 34वें मिनट में गोल करके भारत का खाता खोला, जबकि छेत्री ने 84वें मिनट में गोल किया। मुकाबले में किर्गिज गणराज्य ने मजबूत शुरुआत की, जबकि भारतीय खिलाड़ियों को गेंद विपक्षी टीम के अर्द्ध में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अनवर और आकाश मिश्रा ने नौवे मिनट में चौकस रक्षण के साथ अर्निस्ट बतिरकानोव के प्रयास को रोका, हालांकि इसके बाद भारत मुकाबले में धीरे-धीरे वापस आता गया। भारत को 19वें मिनट में एक फ्रीकिक भी मिला जिसे गोलकीपर अरजान ने सफलतापूर्वक रोक लिया। मेजबान टीम को लगातार प्रयासों के बाद पहली सफलता 34वें मिनट में फ्रीकिक पर ही मिली। ब्रैंडन फर्नांडिस ने फ्रीकिक पर गेंद को बॉक्स में धकेल दिया, जिसके बाद झिंगन ने चतुराई से इसे गोल में तब्दील किया। किर्गि गणराज्य ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में दूसरे हाफ की जोरदार शुरुआत की। अर्निस्ट ने 49वें मिनट में मेहमान टीम के लिए एक मौका बनाया, लेकिन वह गोलकीपर गुरप्रीत संधु को पार नहीं कर सके।

# फ्रांस और हॉलैंड जीते

### यूरो कपः स्वीडन ने अजरबैजान को हराया

बर्लिन । बेंजामिन पवार्ड के गोल से फ्रांस ने आयरलैंड को डबलिन में यूरो कप 2024 के क्वॉलीफायर मैच में हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि हॉलैंड और हंगरी ने भी अपने-अपने मुकाबले जीत लिए।

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद पवार्ड ने 50वें मिनट में आयरलैंड के क्षेत्र के बाहर जोश कुलेन के पास को संभाला और बेहतरीन स्ट्राइक से महत्वपूर्ण गोल दाग दिया। हॉलैंड ने फ्रांस से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे जिब्राल्टर को 3-0 से हरा दिया। मेम्फिस डेपॉय ने 23वें मिनट में हैडर से पहला गोल दागा। नाथन एके ने दूसरा हाफ शुरू होने के चार मिनट बाद दूसरा गोल किया और 83वें मिनट में अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागा। एस्टोनिया ने लिंज में ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप एफ में पहले हाफ में बढ़त बनायी जबकि फ्लोरियन कैंज ने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल करते हुए टीम को बराबरी दिला दी। माइकल ग्रेगोरिस्च ने ऑस्ट्रिया के लिए दूसरे हाफ में विजयी गोल दागा। स्वीडन ने घरेलू मैच में अजरबैजान को 5-0 से हरा दिया। मोल्दोवा ने ग्रुप ई में चेक गणराज्य के खिलाफ गोलरहित ड्रा खेला जबकि पोलैंड ने घरेलू मैच में अल्बानिया को 1-0 से हरा दिया। मेजबान हंगरी ने बुल्गारिया को 3-0 से हराकर ग्रुप जी में अपना अभियान शानदार अंदाज में शुरू किया। हंगरी ने अपने पिछले आठ क्वॉलीफायर मैचों में से सात जीत लिए हैं। पोडगोरिका में ग्रुप जी में सर्बिया ने जुवेंटस फॉरवर्ड दुसान वलाहोविच के अंतिम समय में दागे गए दो गोलों से मेजबान मोंटेनेग्रो पर जीत हासिल की।



### अर्जेंटीना की विश्व कप जीत को अभी तक आत्मसात नहीं कर पाया हूं: लियोनल मेसी

**एसुनसियन।** सुपरस्टार लियोनल मेसी ने कहा कि वह अभी तक अर्जेंटीना की कतर में विश्व कप जीत को आत्मसात नहीं कर पाए हैं। अर्जेंटीना के कप्तान ने पराग्वे की राजधानी एसुनसियन में एक समारोह के दौरान यह टिप्पणी की। समारोह में अर्जेंटीना की तीसरी विश्व कप जीत के हीरो अर्जेंटीना के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को पदक और ट्रॉफियां भेंट की गयीं। मेसी ने कहा, विश्व चैंपियन होने के नाते हमें जो भी मान्यता मिल रही है लेकिन मैं यह अभी भी आत्मसात नहीं कर पाया हूं कि हमने क्या हासिल किया है। 35 वर्षीय मेसी ने फाइनल में फ्रांस के खिलाफ दो गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल अवार्ड मिला। उन्होंने दोहराया कि वह अभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलना जारी रखना चाहते हैं।

### बैंकर्स एकादश ने एमसीयू को आठ विकेट से हराया

**भोपाल।** स्व. हुकुम सिंह ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के कॉर्पोरेट वर्ग में हमीदिया और समर्थ ड्यूरोटेक के मध्य मैच खेला गया जिसमें हमीदिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी समर्थ ड्यूरोटेक की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी और यह मैच 5 रन से हार गई। जामरान को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मैच में बैंकर्स एकादश और एमसीयू के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमसीयू ने 93 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बैंकर्स एकादश ने 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 97 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीत लिया। देवेन्द्र कठैत को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर वरिष्ठ क्रिकेटर डॉ. विवेक सिंह परिहार, विशाल अय्यर व एमके भटनागर मौजूद थे।

### आरएनटीयू की लॉन टेनिस टीम एमपीटीएल के लिए तैयार

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, आरएनटीयू ने अप्रैल में होने वाली मध्य प्रदेश की पहली मध्य प्रदेश टेनिस लीग एमपीटीएल के लिए आयोजित हुई प्वाइंट बेस्ड ऑक्शन में 15 बेस्ट खिलाड़ियों की टीम चुनी। विश्वविद्यालय की टीम इस टूर्नामेंट में आरएनटीयू स्मैसर्स के नाम से जानी जाएगी। ऑक्शन में मध्य प्रदेश के 120 बेस्ट टेनिस प्लेयर्स में से सभी टीम्स ने अपने-अपने 15 खिलाड़ी चुने। इस ऑक्शन में आईसेक्ट के जनरल मैनेजर मनोज त्रिपाठी, आरएनटीयू के एनसीसी ऑफिसर मनोज मनराल, कोच सुजोय सुर, प्रोग्राम मैनेजर भूमिका जैन और टेक्निकल ऑफिसर आशीष अवस्थी मौजूद थे। आरएनटीयू की टीम चुने जाने पर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, निदेशक आईसेक्ट, डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, प्रो. चांसलर आरएनटीयू डॉ. ब्रहम प्रकाश पेठिया, कु लपति आरएनटीयू और डॉ. विजय सिंह कुलसचिव आरएनटीयू ने टीम को बधाई दी। **टीमः पुरुष वर्गः** अंडर 10 में गर्व मालपानी, अंडर 12 में रुद्राक्ष बजाज, अंडर 14 में विशाल चौधरी, अंडर 16 में कुश बसिन, अंडर 18 में आर सिद्धार्थ राव, मेंस सिंगल में प्रथम बाथम, मेंस डबल में कृष्णा उर्मिलिया और हर्ष पांडोले तथा सीनियर मेंस डबल 40 प्लस में विशाल हंसराजनी और रुचिर बंसल। **महिला वर्गः** अंडर 10 में श्रव्या सोजातिया, अंडर 12 में पलक मालवीय, अंडर 14 में वारी पटांकरए अंडर 16 में चिरांदा जैन वूमेंस सिंगल में अमिशी शुक्ला।

### आईपीएल के शुरूआती चरण में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे स्टोक्स




इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के शुरूआती चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे। इस स्टार हरफनमौला को चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी में 16 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा था। वह पिछले सप्ताह भारत आ गए हैं और 31 मार्च से शुरू हो रहे इस सत्र के लिये अभ्यास शुरू कर दिया है। ह्यईएसपीएन क्रिकइन्फोह्ल की रिपोर्ट के अनुसार घुटने की चोट से उबरे स्टोक्स शुरूआत में बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे। बायें पैर के घुटने में लगातार चोटों से परेशान स्टोक्स न्यूजीलैंड दौरे पर दो टेस्ट में नौ ही ओवर डाल सके थे। इंग्लैंड को जून में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलनी है। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने इसकी पुष्टि की कि स्टोक्स आईपीएल के शुरूआती मैचों में गेंदबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा ,ह्यह्य मेरा मानना है कि वह बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे। गेंदबाजी के लिये इंतजार करना होगा। चेन्नई और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के फिजियो उनके साथ काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि पहले कुछ मैचों में वह ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेगा। उम्मीद है कि बाद में गेंदबाजी कर सके।

# सबालेंका, कर्स्टी व पेगुला क्वॉर्टरफाइनल में पहुंची



## मियामी ओपनः क्रेजिकोवा, मार्केटा और लिनेट बाहर

मियामी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका, रोमानिया की सोराना कर्स्टी और अमेरिका की जेसिका पेगुला ने मियामी ओपन में महिला एकल वर्ग के क्वॉर्टरफाइनल में जगह बनाई। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने चौथे दौर में 16वीं सीड बारबोरा क्रेजिकोवा को 6-3, 6-2 से हराकर सत्र में अंतिम-आठ में पहुंची।

सबालेंका ने एकतरफा जीत के साथ सत्र में अपना रिकॉर्ड 20-2 पहुंचा दिया है। सबालेंका और क्रेजिकोवा के बीच यह तीसरा मुकाबला था। तीनों मुकाबले सत्र के पहले डब्लूटीए 1000 टूर्नामेंटों में आये हैं। क्रेजिकोवा ने फरवरी में दुबई टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीतने के दौरान सबालेंका को हराया था। सबालेंका ने दो सप्ताह पहले बीएनपी परीबा ओपन में इस हार का बदला चुकाया था। सबालेंका अंतिम-आठ में रोमानिया की सोराना कर्स्टी से भिड़ेंगी। जो इंडियन वेल्स के बाद मियामी में भी क्वॉर्टरफाइनल में पहुंची हैं। 32 वर्षीय सबालेंका ने चेक गणराज्य की मार्केटा वोन्द्रूसोवा को 7-6(3), 6-4 से पराजित किया। इस बीच जेसिका पेगुला ने पोलैंड की माग्दा लिनेट को 6-1, 7-5 से हरा दिया। अमेरिकी खिलाड़ी का इस सत्र में यह पांचवां क्वॉर्टरफाइनल है। पेगुला का क्वॉर्टरफाइनल में अनस्तासिया पोटापोवा से मुकाबला होगा।

### मेदवेदेव को मिला वाक ओवर, सितसिपास जीते

विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास चिली के क्वॉलीफायर क्रिस्टियन गारिन को तीन सेटों में 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश किया। सितसिपास को पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वाकओवर मिला था। यूनानी खिलाड़ी कंधे की चोट के कारण एकापुल्को से हट गए थे और इंडियन वेल्स के पहले राउंड में हार गए थे। उन्हें मियामी में पहले राउंड में बाई मिली और दूसरे राउंड में फ्रांस के रिचर्ड गास्के से वाकओवर मिल गया। सितसिपास 2021 में मियामी में क्वॉर्टरफाइनल तक पहुंचे थे। वह इस सप्ताह अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। उनका अगला मुकाबला कारेन खाचानोव से होगा जिनके खिलाफ उनका 6-0 का रिकॉर्ड है। दूसरी तरफ विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव को कोर्ट पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ी। स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान के कूल्हे की चोट के कारण हटने से उन्हें चौथे दौर में प्रवेश मिल गया। मेदवेदेव का अगला मुकाबला फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस से होगा जिन्होंने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को एक घंटे 41 मिनट में 7-6(2), 6-3 से हराया।

## मेक्सिको आव्रजन केंद्र में आग, 39 प्रवासियों की मौत

**मेक्सिको सिटी, (एजेंसी)।** अमेरिकी सीमा पर एक मैक्सिकन आव्रजन केंद्र में आग लगने से कम से कम 39 प्रवासियों की मौत हो गई जबकि 100 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी मीडिया ने मंगलवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको के स्यूदाद जुआरेज शहर में नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट की इमारत में आग लगी जिससे लगभग 100 लोग कार्बन मोनोऑक्साइड से विषाक्तत हो गए जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

## अटारी सीमा पर दिखा पाक ड्रोन, दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर, (एजेंसी)।** सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामलों में एकाएक वृद्धि देखने को मिल रही है। बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर की अंतरराष्ट्रीय सीमा अटारी पर पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों को नोटिस किया। इसके अलावा जवानों ने अबोहर, जलालाबाद, पंजाब सेक्टर में हथियार, गोला-बारूद और हेरोइन जब्त की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों ने सोमवार की रात लगभग 20.30 बजे बीओपी राजाताल, सेक्टर अमृतसर के क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन से घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी ड्रोन को फायरिंग कर मार गिराया।

## कांगो में विद्रोहियों ने किडनैप कर 17 लोगों कर दी हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में विद्रोहियों ने करीब 17 लोगों की हत्या कर दी है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सैन्य अधिकारी कर्नल रूफिन मापेला मविनियामा ने बताया कि ये लोग कहीं जा रहे थे कि इसी दौरान विद्रोहियों ने उनका अपहरण कर लिया और हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस जघन्य घटना को इतुरी प्रांत के जुगु क्षेत्र में सप्ताहांत में कोडेको मिलिशियां समूह ने अंजाम दिया है।

## मध्य इक्वाडोर में भूस्खलन से 16 लोगों की गई जान

**क्विटो, (एजेंसी)।** मध्य इक्वाडोर के चिम्बोराजो प्रांत के अलौसी कैंटन में रविवार रात हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। जोखिम प्रबंधन सचिवालय के मुताबिक एजेंसी की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सात लोग अभी भी लापता हैं और भूस्खलन से 500 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। भूस्खलन से अनगिनत घर नष्ट हो गए , 65 प्रतिशत प्रमुख सड़के क्षतिग्रस्त हो गई और 25 प्रतिशत स्ट्रीटलाइट काम नहीं कर रही हैं।

## नाइजीरिया में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

**लागोस, (एजेंसी)।** नाइजीरिया के दक्षिणी प्रांत इमो में अज्ञात बंदूकधारियों ने अर्धसैनिक एजेंसी के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इमो के पुलिस प्रवक्ता हेनरी ओकोए ने कहा कि सोमवार को नाइजीरिया सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा कोर के कर्मी एक वाहन में सवार थे, तब बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला किया जिससे तीन कर्मियों की मौत हो गयी और साथ ही ओबिआंगवु समुदाय के दो नागरिकों की भी हत्या कर दी।

## तालिबान राज में लड़कियों की शिक्षा की पैरवी करने वाला बंदी

काबुल, (एजेंसी)। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने मंगलवार को कहा कि अफगानी शासक तालिबान ने लड़कियों के शिक्षा अधिकार के लिए लड़ने वाले एक प्रमुख कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। यूएनएएमए ने ट्वीटर पर कहा कि पेनपाठ1 के प्रमुख और लड़कियों की शिक्षा की वकालत करने वाले वकील मतिउल्लाह वेसा को सोमवार को काबुल में गिरफ्तार किया गया। यूएनएएमए वहां के अधिकारियों से उनके ठिकाने, उनकी गिरफ्तारी के कारणों को स्पष्ट करने और उनकी पहुंच कानून एवं परिवार तक सुनिश्चित करने की मांग करता है।

## आज का इतिहास

- **1857:** भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ बंगाल नेटिव इंफैंट्री विद्रोहों और स्वतंत्रता संग्राम में सिपाही मंगल पांडे (34वीं रेजीमेंट) स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने गए।
- **1929:** हिंदी तथा बांग्ला फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता उत्पल दत्त का जन्म।
- **1943:** स्वतंत्रता सेनानी एवं नेता लक्ष्मण नायक को बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया।
- **1953:** हिलैरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय।
- **2004:** आयरलैंड कार्यस्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंधित करने वाला पहला देश बना।
- **2014:** एंड्रेज किस्का स्लोवाकिया के राष्ट्रपति चुने गए।

# शरद पवार की सलाह, सावरकर नहीं लोकतंत्र को बनाएं लड़ाई का मुद्दा



नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणी के बाद से ही विवाद छिड़ गया है। इस विवाद को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने मध्यस्थता की ओर कदम रखा है और राहुल गांधी को चुप्पी की सलाह दी है। कांग्रेस और उद्धव गुट के बीच तनाव बढ़ने के बाद मंगलवार को उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों के विचार अलग-अलग हैं, लेकिन उन्हें लोकतंत्र को लेकर सामने आ रही चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि आपकी अपनी राय है, हमारी अपनी राय है। यह विचारधारा की बात है और मैं इसका सम्मान करता हूं, लेकिन लोकतंत्र के खतरे का सामना करने के लिए आज विपक्ष को एकजुट होने की जरूरत है और हम एकजुट हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मामले पर तनाव के बीच राहुल गांधी ने संजय राउत को आश्वासन दिया कि वह सावरकर के मुद्दों पर बोलने से बचेंगे।

## विदेशी महिला से पैदा व्यक्ति देशभक्त नहीं हो सकता

**भाजपा सांसद के राहुल गांधी पर विवादित बोल**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर भाजपा सांसद ने एक विवादित बयान दिया है। मोदी सरनेम पर राहुल गांधी की विवादित टिप्पणी का विरोध करते हुए भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने गांधी परिवार पर निजी हमला किया। जायसवाल ने कहा कि एक विदेशी महिला से पैदा हुआ व्यक्ति कभी भी देशभक्त नहीं हो सकता है। भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भी इस महीने की शुरुआत में इसी तरह की टिप्पणी की थी। भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि राहुल को देश में राजनीति नहीं करने देनी चाहिए और उन्हें भारत से बाहर कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस बात से सहमत हैं कि राहुल गांधी भारत से नहीं हैं। उन्होंने 11 मार्च को कहा कि हम जानते हैं कि आप भारत से नहीं हैं।

## सावरकर के पोते की चेतावनी राहुल पर कराऊंगा केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राहुल गांधी की विनायक दामोदर सावरकर पर हाल ही में की गई टिप्पणी को लेकर हिंदुत्व विचारक के पोते रंजीत सावरकर ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं और उनको चेतावनी भी दी है। अगर राहुल गांधी वीर सावरकर पर दिए अपने बयान पर माफी नहीं मांगते हैं तो वो उन पर एफआईआर दर्ज करवाएंगे। रंजीत ने मंगलवार को कहा कि कुछ कांग्रेसी भी वीर सावरकर की बदनामी से खुश नहीं हैं। सावरकर के पोते रंजीत ने गांधी परिवार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर राहुल गांधी सावरकर पर अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगते हैं तो मैं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराऊंगा। राहुल गांधी को सावरकर के द्वारा माफी मांगने वाले दस्तावेजों को दिखाने की चुनौती दी। रंजीत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों के वोट बटोरने के लिए ऐसा कर रही है।

## सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों पर कांग्रेस करेगी महा-सत्याग्रह

**डराया धमकाया जाता है सवाल करने वालों को**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ेगी इसलिए पार्टी संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अगले एक महीने तक ब्लॉक, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर महा-सत्याग्रह करेगी जिसमें सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर रही है, लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और डराने तथा धमकाने की नीति अपना रही है। सवाल पूछे जाते हैं तो सवाल करने वालों को डराया धमकाया जाता है।

## न्यायिक सुधार पर पीछे हटे इजरायली प्रधानमंत्री के कदम



**इजरायल में हिंसक विरोध-हड़ताल के आगे झुके नेतन्याहू**

नई दिल्ली, (एजेंसी)। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देशभर में चल रहे आमजनों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन और हड़ताल के आगे घुटने टेकते हुए अपने न्यायिक सुधार योजना को लागू करने पर कदम पीछे खींच लिए हैं। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने राजनीतिक विरोधियों को इस विवादित सुधार योजना पर समझौता करने के लिए समय देना चाहते हैं।

नेतन्याहू ने न्यायिक सुधार के खिलाफ हो रहे दो दिनों के बड़े विरोध-प्रदर्शन के बाद यह घोषणा की है। इजरायल में लोग न्यायिक सुधार का बड़े पैमाने पर विरोध कर रहे थे। आम जनों की हड़ताल ने पूरे इजरायल को ठप कर दिया था। बता दें कि गुरुवार को जैसे ही न्यायिक सुधार बिल इजरायली संसद से पास हुआ, नेतन्याहू के रक्षा मंत्री ने इसका विरोध किया और प्रधानमंत्री से इसे टालने का अनुरोध किया लेकिन पीएम नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को पद से बर्खास्त कर दिया। इसके बाद पहले से ही आंदोलन कर रहे आमजन उग्र हो गए। उग्र प्रदर्शनकारी यरूशलम में पीएम नेतन्याहू के आवास के बाहर तक जा पहुंचे थे। विरोध-प्रदर्शनों को देखते हुए चिंतित राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने पीएम नेतन्याहू से न्यायिक सुधार योजना की प्रक्रिया को तत्काल रोकने की अपील की थी। इसके बाद पीएम ने ऐलान किया।

# डॉलर, दिरहम, पौंड , यूरो के चढ़ावे ने लटकाए 26 करोड़

### तीन साल से रद्द टीटीडी एफसीआरए रजिस्ट्रेशन



नई दिल्ली, (एजेंसी)। कानूनी पेचीदगियों में आम आदमी का पैसा फंस जाता है, लेकिन अब तो भगवान का पैसे से जुड़ा काम भी अटक गया है। ट्रस्ट ने हाल में गृह मंत्रालय चढ़ावे के रूप में आई विदेशी मुद्रा की पूरी डिटेल भेजी थी। ट्रस्ट के पास अमेरिकी डॉलर के रूप में 11.50 करोड़ रुपए, मलेशियाई रिंगिट के रूप में 5.93 करोड़ रुपए और सिंगापुर डॉलर के रूप में 4.06 करोड़ रुपए जमा हैं। इसके अलावा दिरहम, पौंड, यूरो, ऑस्ट्रेलियन डॉलर और कनाडाई डॉलर भी भक्तों ने हुंडियों में अर्पित किए हैं।

दरअसल, वेंकटेश्वर स्वामी के भक्तों द्वारा चढ़ाया गया पैसा भी कायदे-कानून की भेंट चढ़कर अधर में टंगा हुआ है। यह पैसा बैंक में जमा नहीं हो पा रहा है। रकम भी कोई छोटी-मोटी नहीं है, बल्कि पूरे 26.86 करोड़ रुपए है। दरअसल यह पैसा विदेशी मुद्रा के रूप में मंदिर की हुंडियों में भक्तों ने चढ़ाया था। मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम का फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन 3 साल से सस्पेंड है। इस वजह से चढ़ावे में आई विदेशी मुद्रा को ट्रस्ट बैंक में जमा नहीं करा पा रहा है। सरकार ने

### ट्रस्ट पर 3.19 करोड़ रुपए लगाई पेनल्टी

पेनल्टी भरने का नोटिस थमा दिया। ट्रस्ट मंदिर में चढ़ावे के रूप में आया पैसा भारतीय स्टेट बैंक में जमा करता है। लेकिन, एसबीआई ने ट्रस्ट का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन निलंबित होने के चलते विदेशी मुद्रा को अपने खजाने में जमा करने से इनकार कर दिया है।

पांच मार्च को गृह मंत्रालय के एफसीआरए डिवीजन ने टीटीडी को पत्र लिखकर बताया कि उसका सालाना रिटर्न गलत फार्मेट में है। इस गलती पर ट्रस्ट पर 3.19 करोड़ रुपए पेनल्टी लगाई है।

### एसबीआई ने किया पैसा जमा करने से इंकार

एफसीआरए एक्ट में 2020 में हुए बदलावों के मुताबिक किसी भी एनजीओ को एसबीआई में अकाउंट खोलना होता है। एसबीआई चढ़ावे में आए विदेशी पैसे को जमा करने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि चढ़ावा देने वालों की पहचान ज्ञात नहीं है। वहीं, ट्रस्ट इस मसले के समाधान के लिए सरकार का दरवाजा भी खटखटा चुका है।

## अमेरिका की डेमोक्रेसी समिट न्यौते में जाने से पाकिस्तान का इनकार

**आमंत्रण पत्र चीन और तुर्की को नहीं भेजा गया**

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। अमेरिका द्वारा आयोजित किए जा रहे लोकतंत्र शिखर सम्मेलन (डेमोक्रेसी समिट) में शामिल होने के न्यौते को पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि वह इस सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। पाक सरकार ने कहा कि वह इसके बजाय लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए द्विपक्षीय आधार पर अमेरिका के साथ जुड़ा रहेगा।

पाकिस्तान के डेमोक्रेसी समिट में शामिल न होने के पीछे चीन और तुर्की का कनेक्शन सामने आया है। दरअसल अमेरिका के नेतृत्व में ऑनलाइन शिखर सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया है। लेकिन इस शिखर सम्मेलन में चीन और तुर्की को आमंत्रित नहीं किया गया है। पाकिस्तान अपने पड़ोसी मुल्क चीन से करीबी रिश्ता साझा करता है।

## पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को घेरने की तैयारी, इस्लामाबाद में 29 एफआईआर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ घेराबंदी तेज हो गई है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ही उनके खिलाफ 29 केस दर्ज किए गए हैं। पाकिस्तानी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह खुलासा चीफ जस्टिस आमिर फारूक के आदेश पर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में सौंपी गई एक विस्तृत रिपोर्ट में हुआ है। सोमवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मंगलवार तक संघीय राजधानी क्षेत्र में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ दर्ज मामलों का विवरण प्रदान करें। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने एक याचिका पर पारित किया था, जिसमें खान ने अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी देने का अनुरोध किया था।

## तुर्की ने कुर्द आतंकियों की मेजबानी पर फ्रांस के राजदूत को तलब किया

**मेजबानी और सम्मान के पदक देने की कड़ी निंदा**

अंकारा, (एजेंसी)। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने दो सीरियाई कुर्द आतंकवादी समूहों के सदस्यों की मेजबानी करने के लिए फ्रांस के सीनेट की निंदा करने के लिए सोमवार को फ्रांस के राजदूत को तलब किया।

अनादोलु एजेंसी ने तुर्की विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा कि मंत्रालय के अधिकारियों ने तुर्की में फ्रांस के राजदूत हर्वे मैग्रो को बताया कि अंकारा सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स और महिला सुरक्षा इकाइयों के सदस्यों की फ्रांसीसी सीनेट की मेजबानी और उन्हें सम्मान के पदक देने की कड़ी निंदा करता है। सूत्रों ने कहा कि तुर्की को उम्मीद है कि फ्रांस के अधिकारी इन समूहों को अंतर्राष्ट्रीय वैधता प्रदान करने वाले प्रयासों को श्रेय नहीं देंगे।

# कनाडा में गांधी की दूसरी प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, दूतावास बोला-जांच करें

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक विश्वविद्यालय कैंपस में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ दिया। इस तरह की यह दूसरी घटना है। हाल ही में गांधी की एक प्रतिमा को खालिस्तान समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया था।

वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि साइमन फ्रेजर विवि में बर्नाबी परिसर के पीस स्क्वायर पर लगी मूर्ति को तोड़ा है। दूतावास ने ट्वीट में कहा हम शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी जी की मूर्ति को क्षति पहुंचाने की कड़ी निंदा करते हैं। दूतावास ने कहा कि कनाडाई अधिकारियों से मामले की तुरंत जांच करने और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने का अनुरोध किया है। खालिस्तान समर्थकों ने 23 मार्च को कनाडा के ओंटारियो प्रांत के हैमिल्टन शहर में सिटी हॉल के पास महात्मा गांधी की एक प्रतिमा पर स्प्रे-पेंट कर दिया था। पिछले साल जुलाई में कनाडा के रिचमंड हिल स्थित एक विष्णु मंदिर के बाहर लगाई गई महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाई गई थी। इस घटना की टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कड़ी निंदा की थी।

गौरतलब है कि कनाडा में हाल में खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है, जिन्होंने कुछ हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की है। 13 फरवरी को मिसिसॉगा स्थित एक राममंदिर को खालिस्तानी चरमपंथियों ने निशाना बनाया था। इस पर टोरंटो में भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया जताई गई थी।

## नवादा में गैंगस्टर ने आवेदन से मांगी 50 लाख रंगदारी

**नहीं देने पर गोली से दो को जान से मारने की धमकी**

नवादा, (एजेंसी)। गैंगस्टर माखन दादा ने बिहार के नवादा में रेलवे स्टेशन के अधीक्षक से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है और न देने पर उन्हें और रेलवे गेट संचालक को जान से मारने की धमकी दी है, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी को हिंदी में लिखे पत्र में गैंगस्टर ने कहा, सविनय निवेदन है कि 50 लाख रुपए रंगदारी दिया जाए, नहीं तो बड़े बाबू और गेटमैन को गोली मार दी जाएगी। उन्होंने अधीक्षक को पैसा लेकर तिलैया पुल पर आने को कहा। उस पत्र के बाद रेलवे अधिकारी ने माखन दादा के खिलाफ कार्रवाई के लिए जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस को आवेदन दिया। जिला पुलिस ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रहे हैं कि पत्र अधीक्षक कार्यालय तक कैसे पहुंचा।

# जज ने कोर्ट में फैसले से पहले चैट जीटीपी इस्तेमाल कर पूछा सवाल

**दूसरी जगह जमानत देने के मापदंड जानना चाहते थे**

चंडीगढ़, (एजेंसी)। चैट जीटीपी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में एक बड़ी कामयाबी मिली है। इस एक टूल ने लोगों के हर सवाल का सरल जवाब ढूंढ निकाला है। इसी वजह से अब आम लोगों के अलावा कोर्ट में भी चैट जीटीपी का इस्तेमाल शुरू हो चुका है।

ये पहल सबसे पहले पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में देखने को मिली है जहां पर एक आरोपी की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते वक्त चैट जीटीपी का भी इस्तेमाल किया गया। असल में कोर्ट 27 मार्च को आरोपी जसविंदर सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उसे साल 2020 में हत्या, साजिश करने और धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसी मामले में सोमवार को कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अनूप चितकारा एक समय ये जानना चाहते थे कि पूरी दुनिया में जमानत देने को लेकर क्या मापदंड तय किए हैं। वे अपनी सोच के दायरे को बढ़ाने के लिए इस सवाल का जवाब चाहते थे। अब मन में सवाल आया तो जज चितकारा ने बिना समय गंवाए चैट जीटीपी का इस्तेमाल किया।

## उत्तर प्रदेश में वैगनआर कार और ऑटो की टक्कर में पांच लोगों की मौत, पांच घायल

हरदोई, (एजेंसी)। यूपी के हरदोई में कोतवाली देहात इलाके के लखनऊ हरदोई मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में करीब पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। भीषण सड़क हादसे की सूचना पर एसपी मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों के कई टुकड़े हो गए थे जिनको पुलिस ने समेटकर इकट्ठा किया। मंगलवार को ये भीषण सड़क हादसा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लखनऊ-हरदोई मार्ग पर ट्रामा सेंटर के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हरदोई की तरफ से एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा और लखनऊ की तरफ से एक तेज रफ्तार वैगनआर कार जा रही थी, जिनकी ट्रामा सेंटर के पास आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। वैगनआर और ऑटो सवार पांच लोगों की इस हादसे में जान चली गई, जबकि 5 लोग जख्मी हुए हैं जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि मृतकों के शरीर के कई टुकड़े हुए जो 10 से 15 फीट दूरी पर जा गिरे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समेट कर एकत्र किया।

## बिहार में सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ संपन्न

पटना, (एजेंसी)। बिहार में उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही मंगलवार को सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ संपन्न हो गया। बिहार में चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व चैती छठ 25 मार्च से शुरू हुआ। साल में दो बार चैत्र और कार्तिक महीने में शुक्ल पक्ष में महापर्व छठ व्रत होता है, जिसमें श्रद्धालु भगवान भास्कर की अराधना करते हैं। छठ महापर्व के चौथे और अंतिम दिन मंगलवार को राजधानी पटना समेत राज्य के अन्य हिस्सों में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

दूसरा अर्घ्य अर्पित कर श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त कर व्रतधारियों ने अन्न ग्रहण किया। चार दिवसीय महापर्व के तीसरे दिन कलव्रतधारियों ने अस्ता चलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया था।

**व्यापार** रूस और भारत के बीच बंपर तेल खरीदी पर रूसी डिप्टी पीएम का बयान

# पहले से 22 गुना ज्यादा खरीदा तेल



नई दिल्ली, (एजेंसी)। रूस पर अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों की ओर से आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी भारत रूस से भारी मात्रा में रियायत कीमतों पर कच्चा तेल खरीद रहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक के अनुसार भारत ने पिछले साल की तुलना में 22 गुना ज्यादा रूसी तेल खरीदा है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि भारत ने कुल कितना तेल खरीदा। उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध के बाद यूरोपीय देशों ने रूस के बजाय अन्य देशों से तेल खरीदना शुरू कर दिया, लेकिन इस दौरान भारत को निर्यात होने वाली रूसी तेल में पिछले साल की तुलना 22 गुना बढ़ोतरी हुई है। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद यूरोपीय यूनियन ने रूस से तेल खरीद पर रोक लगाते हुए आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बाद रूस ने अपने तेल निर्यात को पूरी तरह से भारत और चीन की ओर स्थानांतरित कर दिया। इसके बाद दिसंबर 2022 में यूरोपीय यूनियन ने रूसी कच्चे तेल पर प्राइस कैप लगा दिया था। इस प्राइस कैप को जी-7 समूह ने भी समर्थन किया था। इसके बावजूद भारत और चीन रूस से भारी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है। उपप्रधान मंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने रूसी समाचार एजेंसियों से बात करते हुए कहा कि हमने अधिकांश ऊर्जा व्यापार क्षेत्रों को मित्र देशों की ओर स्थानांनतरित कर दिया है।

उदाहरण के तौर पर अगर हम भारत की बात करें, तो पिछले साल की तुलना में हमने भारत को 22 गुना ज्यादा तेल निर्यात किया है। अप्रैल से दिसंबर 2022 के दौरान भारत ने दुनिया भर के तेल उत्पादक देशों से कुल 1.27 अरब बैरल तेल खरीदा, इसमें से लगभग 19 प्रतिशत तेल भारत ने अकेले रूस से खरीदा. भारत के लिए एक मामूली तेल आपूर्तिकर्ता होने वाले रूस ने पिछले नौ महीने में ही सऊदी अरब और इराक जैसे शीर्ष तेल निर्यातक देशों को पीछे छोड़ दिया है।

## पूर्व सांसद इनोसेंट का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

त्रिशूर, (एजेंसी)। मलयालम फिल्म उद्योग के हास्य अभिनेता व पूर्व सांसद इनोसेंट (मासूम) का मंगलवार को यहां पास के सेंट थॉमस कैथेड्रल इरिनजालाकुडा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार इरिंजलकुडा सूबे के पादरी पोली कन्नुकदान ने किया। अंतिम संस्कार के समय उनके करीबी परिवार के सदस्यों सहित सभी क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

प्रार्थना समारोह के बाद शव को धीरे-धीरे कब्रिस्तान में उनके माता-पिता की कब्रों के पास दफनाया गया। प्रशंसकों ने नम आंखों से दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की।

## उद्धव व आदित्य पर भी लटक रही मानहानि की तलवार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना सांसद राहुल रमेश शेवाले की ओर से दायर मानहानि मुकदमे में दिल्ली हाई कोर्ट ने उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे और वरिष्ठ नेता संजय राउत को समन भेजा है। राउत ने आरोप लगाया था कि शिंद गुट को धनुष और तीर का निशान मिलने के पीछे दो हजार करोड़ रुपए की डील है। जस्टिस प्रतीक जालान ने सांसद की शिकायत पर सोशल मीडिया वेबसाइट्स को भी तलब किया। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

कोर्ट ने गूगल, ट्विटर, राउत और ठाकरे को 30 दिनों के भीतर लिखित जवाब देने को कहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 2 साल की सजा मिलने के बाद अब महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। शेवाले की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने अदालत से कहा राउत और अन्य को आगे मानहानिकारक आरोप लगाने से रोकने के लिए आदेश पारित किया जाए। कोर्ट ने यह कहते हुए कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया कि वह पहले सभी पक्षों को सुनेगी। अदालत ने कहा कि यह सब राजनीतिक लड़ाई है... जहां तक संस्थानों की बात है, इन सबसे निपटने के लिए चुनाव आयोग के कंधे काफी मजबूत हैं।

# क्षयरोग से मुक्ति में एनएसएस के स्वयंसेवक निभाये भागीदारी-सीएमओ

## समाज को स्वस्थ, सुंदर व समर्थ बनाने में दे योगदान-प्रो. विभ्राट, मैं नहीं आप ध्येय वाक्य का करे अनुसरण-प्राचार्य

प्रखर कुशीनगर। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक देश को क्षयरोग मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।उनके द्वारा क्षय रोग दिवस पर स्वस्थ्य युवा,स्वस्थ्य भारत के प्रधानमंत्री के नारे को दिलाया।सरकार का कोई कार्यक्रम आम जनता को जागरूक किये बिना सफल नहीं हो सकता।समाज को जागरूक बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको का बड़ा योगदान होता है।इस तरह से भारत को क्षयरोग से मुक्त करने में हमारे स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उपरोक्त बातें मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ एस पटारिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर द्वारा विशेष शिविर में स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कही। प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने इस अवसर पर बोलते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का समाज को स्वस्थ्य, सुंदर, समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है।आपने प्रधानमंत्री के संकल्प को



याद दिलाते हुए स्वयंसेवको से आह्वाहन किया कि भारत को टी बी मुक्त बनाने में अपना योगदान देंगे। प्राचार्य प्रो सिद्धार्थ पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य 'मैं नहीं, आप' को याद दिलाते हुए बताया कि हमारा स्वयंसेवक अपने लिए नही पहले समाज के लिए कार्य करता है।उसके लिए खुद नही समाज पहले होता है।

वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक डॉ आशुतोष कुमार मिश्र ने बताया कि क्षयरोग को समाज से समाप्त करने में जागरूकता का महत्वपूर्ण योगदान है।क्षयरोग रोगियों की समय से पहचान और नियमित इलाज बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि हमारे समाज में बहुत से ऐसे लोग है जो इस रोग से लड़ने के लिए आवश्यक पोषक तत्व को वहन नहीं कर सकते।अतः ऐसे लोगो की दवा और पोषण के लिए समाज के सक्षम और जागरूक लोगो को आगे आना होगा।आपने बताया कि मुझे यह बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि इस जनपद के टीबी यूनिट हाटा में 298 टी बी रोगियों को गोंद लेकर 6 माह तक उनके पोषण का खर्च उठाया है।अब वे सभी रोगी पूर्णतः स्वस्थ्य होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं।मुख्य वक्ता डॉ राकेश कुमार राय ने क्षय रोग के कारण,लक्षण एवं बचाव के बारे में बोलते हुए बताया कि इसके बैक्टीरिया 6 घंटे तक हवा में विद्यमान रहते है।यह तेजी से फैलने वाली बीमारी है।इससे बचाव हेतु समय से लक्षण की पहचान और नियमित ईलाज महत्वपूर्ण है।अगर ठीक से ईलाज की व्यवस्था की जाय तो क्षयरोग को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर स्वयंसेवको को डब्ल्यू एच ओ सलाहकार डॉ दीपक चतुवेर्दी ,जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनुपम मिश्र,जिला पी पी एम समन्यवक डॉ नितेश राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका प्रीति गुप्ता ने किया। समस्त अतिथियों का आभार ज्ञापन स्वयंसेविका गंगा गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य, डॉ राकेश सोनकर,डॉ रीना मालवीय, संजय, फूलचंद समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## भू-माफिया सहित :छ नामजद व अज्ञात पर जान से मारने की धमकी व मारपीट का केस दर्ज

प्रखर गोरखपुर। गीड़ा थाना क्षेत्र के गांव भड़सार में 19 मार्च को भू-माफिया द्वारा जबरन निर्माण कराने व रास्ता रोकने के विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई थी जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए थे घायलों ने इलाज के बाद भू-माफिया के खिलाफ गीड़ा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है भरसाड़ निवासी ऋषिकेश यादव पुत्र इंद्रजीत यादव ने गीडा थाने में दी तहरीर में बताया था की आराजी संख्या 912 के बगल में 911 नंबर विपक्षी रामप्रभाष पुत्र रामवृक्ष का है जिसका नक्शा दुरुस्तीकरण का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है इसके बाद भी विपक्षी रामप्रभाष अपने पिता और तीन बेटों तथा कुछ अन्य लोगों के साथ हथियार और गोला बंदी बनाकर जबरन विवादित जमीन पर निर्माण करा रहे थे मेरे मना करने के बावजूद भी निर्माण कराने व रास्ता रोकने पर आमदा हो गए तथा विरोध करने पर फावड़ा,बेलचा लेकर हमारे घर में घुस गए और लात-घुसे व लाठी-डंडों से मारने पिटने लगे शोर सुनकर रास्ते से गुजर रहे अमरनाथ एवं उनके पुत्र अरविंद समेत कुछ अन्य लोग जो बीच-बचाव करने आए उनको भी दबंगों ने मारपीट कर घायल करने के बाद फरार हो गए पीड़ित ऋषिकेश यादव द्वारा गीडा.पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र मे बताया है कि विपक्षीगढ़ भू-माफिया किस्म के व्यक्ति हैं कई लोगों के साथ इनके जमीनी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है तहरीर के आधार पर गीड़ा पुलिस ने भड़सार निवासी रामप्रभाष साहनी,विकास साहनी,विशाल साहनी,विपिन साहनी ,अनूप साहनी,संदीप साहनी, रामाश्रय साहनी सहित कुछ अज्ञात लोगों पर मंगलवार को मारपीट,व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उक्त संदर्भ में बात करने पर थाना प्रभारी गीड़ा ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में समाजसेवी जज सिंह अन्ना के आमरण अनशन के दूसरे दिन भारी संख्या में लोग पहुंचे और अन्ना का दिया समर्थन



जौनपुर। समाजसेवी जज सिंह अन्ना जिला पंचायत जौनपुर के सड़क घोटाले के खिलाफ आमरण अनशन का आज दूसरा दिन है अन्ना के पास भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और अपना जोरदार समर्थन अन्ना को दे रहे हैं सबका एक स्वर से कहना है कि जिला पंचायत में हमेशा भारी घोटाला होता रहता है हर सड़क नाली खड़न्जा अपूर्ण ही रहता है ठेकेदार पेमेंट करना लेता है इस घोटाले को बंद किया जाए और अन्ना की मांग है कि भारत के सरसरा गांव रोड से प्राथमिक विद्यालय काशीपुर तक 850 मीटर सड़क जो मात्र 2 इंची गिट्टी डालकर के 4 वर्षों से छोड़ी गई है को तत्काल पिच रोड बनाने का कार्य शुरू किया जाए अन्यथा जज सिंह अन्ना का अनिश्चितकालीन आमरणअनशन जारी रहेगा अन्ना किसी भी विभाग से डरने वाले नहीं हैं क्योंकि अन्ना के साथ जमकर जनता डटी हुई है ।

### गेटमैन की तत्परता से बड़ा हादसा टला



प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज ट्रेन संख्या 15065 गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस हादसे का शिकार होते हुए बच गई। गेट मैन 11 के संजय कुमार यादव स्टेशन मास्टर पीपीगंज योगेंदर कुमार वर्मा को 6:02 पर सूचना दी गई। स्टेशन मास्टर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लाल झंडा दिखाकर पनवेल एक्सप्रेस को पीपीगंज स्टेशन पर खड़ा किया गया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर दमकल कर्मी व रेलवे के गार्ड लोको पायलट ने कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना कंट्रोल से मिलते ही आरपीएफ नकहा प्रभारी प्रियाम्बू प्रिय जीआरपी आनंद नगर मौके पर पहुंचकर यात्रियों से कहा कि घबराने की कोई जरूरत है नहीं स्थिति सामान्य है।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली । पीपीगंज स्टेशन मास्टर योगेंद्र वर्मा ने बताया स्टेशन से ट्रेन 1 घंटा 12 मिनट की देरी से चली।

### 2000 किलोग्राम लहन आबकारी विभाग के द्वारा किया गया नष्ट

प्रखर गोरखपुर। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर आबकारी विभाग के द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रात्रि में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पाण्डेयपार थाना गगहा में स्थित ईंट भट्ठे पर दबिश दी गईं। दबिश के दौरान लगभग 640 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 एवं 272 IPC के अंतर्गत 01 अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया । दबिश के दौरान लगभग 2000 किग्रा लहन, शराब बनाने के उपकरण एवं भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट किया गया। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह एवं गगहा थानाध्यक्ष सूरज सिंह हमराहियों के साथ शामिल रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ संदिग्ध अपराधी गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र नाथ के पर्वेक्षण में क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविन्द्र कुमार वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक भुड़कुड़ा तारावती यादव के निर्देशन में, उप निरीक्षक बलवन्त यादव मय हमराह कांस्टेबल कांस्टेबल कृष्णकान्त तिवारी, कांस्टेबल अमरजीत कुमार व कांस्टेबल संदीप यादव के द्वारा मंगलवार को संदिग्ध वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान हनुमान मन्दिर ग्राम घटारो आजमगढ़ बार्डर के पास से अभियुक्त शिवप्रकाश सिंह



उर्फ शिपू सिंह पुत्र झूरी सिंह निवासी ग्राम परसपुर पोस्ट बुढ़ानपुर थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर प्राप्त हुआ, जो धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है अभियुक्त उपरोक्त को उसके द्वारा किये गये अपराध से अवगत कराकर हिरासत में लिया गया तथा थाना भुड़कुड़ा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही थाना भुड़कुड़ा पुलिस द्वारा की जा रही है।

## कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। महाविद्यालय मैदान में आयोजित किया गया जिसमें कुटीर पीजी कॉलेज चक्के समेत अन्य टीमों ने प्रतिभाग किये। बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जरहिला कला ने कुटीर पीजी कॉलेज चक्के को 2-1 से पराजित किया बालिका वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में कुटीर इंटर कॉलेज ने कुटीर पीजी कॉलेज को 2-1 पराजित किया। बालिका वर्ग द्वारा खो- खो प्रतियोगिता में कुटीर पीजी कॉलेज ने कुटीर इंटर कॉलेज को 13-8 से पराजित किया। ऊंची कूद बालक वर्ग में मनीष कुमार प्रथम बालिका वर्ग में ऊंची कूद कुमकुम निषाद प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कुमकुम निषाद प्रथम एवं बालक वर्ग




400 मीटर दौड़ में आयुष गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया खेल के रेफरी कृष्ण कुमार यादव दिलीप कुमार कृष्णकांत निषाद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर प्राचार्य डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने सम्मानित किया। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक नेहरू युवा केंद्र जौनपुर उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अमरेश कुमार वाचस्पति त्रिपाठी देवेश कुमार सिंह शशिकांत यादव राम सिंह यादव अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल केराकत समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुज कुमार शुक्ला ने किया।

## सहजनवां में ताबड़तोड़ हो रही चोरी की घटनाएं: बीती रात बलुवा खुर्द में दो घरों मे खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात भी उड़ाए

प्रखर गोरखपुर । सहजनवां थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ गया है एक तरफ जहां चोर चोरी करने में मस्त हैं वही सहजनवां पुलिस अपने अन्य कार्यों में मस्त है बेखौफ चोरों के सहजनवां थाना क्षेत्र में हौसले बुलंद है दिन प्रतिदिन चोरी की घटनाएं घट रही हैं सहजनवां पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। बता दे सहजनवां थाना क्षेत्र के गांव बलुआ खुर्द में मंगलवार कि रात दो घरों में पीछे के रास्ते खिड़की तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात समेत नगदी पर हाथ साफ कर दिया बलुवा खुर्द निवासी विपिन यादव पुत्र वीरेंद्र प्रसाद यादव ने जानकारी देते हुए बताया की वह अपने पत्नी व दो बच्चों के साथ घर के बरामदे में सोए हुए थे। अज्ञात चोरों के



द्वारा उनके घर के पीछे से लगे रोशनदान को तोड़कर कमरे में घुसे चोरों ने नगदी समेत आभूषण चुरा ली। वही पड़ोसी विनोद यादव पुत्र स्वर्गीय जगदीश यादव के मकान की छत पर चढ़े चोर सीढ़ी के रास्ते घर में प्रवेश किए तथा भाई मोनू जो फोर्स में नौकरी करता है तथा पत्नी मायके गई हुई है के कमरे का ताला तोड़कर कुछ नगदी समेत सोने के कुंडल,अंगूठी पाजेब,मंगलसूत्र सहित लगभग ढाई लाख रुपए के जेवरात चुरा ले गए। दोनों पीड़ितों को चोरी की घटना की जानकारी सुबह हुई जब उन्हें अपने कमरे का ताला टूटा व दरवाजा खुला दिखा। जिसके बाद घटना की जानकारी तुरंत पुलिस डायल 112 को दी गई सूचना पर पहुंची सहजनवां पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद से मामले की जांच करने मे जुटी हुई है। उक्त संदर्भ में बात करने पर थाना प्रभारी सहजनवा महेंद्र मिश्रा ने बताया पुलिस द्वारा जांच की जा रही है पीड़ित द्वारा तहरीर मिलने के बाद आगे कि कार्यवाही की जाएगी।

## एसपी खीरी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

लखीमपुर खीरी। आज पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या,दुष्कर्म,लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहताओं की सकुशल बरामदगी, पुरुष्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों, पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं नेपाल राष्ट्र के बॉडर के थाने को एसएसबी के साथ संयुक्त रुप से प्रभावी गस्त एवं चैकिंग हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कन्हैया लाल विश्वकर्मा बने विश्वकर्मा महासभा के जिलाअध्यक्ष

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समाजवादी पार्टी की बैठक समता भवन पर आज बुधवार को की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए सपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि कन्हैया लाल विश्वकर्मा को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जहाँ विश्वकर्मा समाज को मजबूती मिलेगी वही समाजवादी पार्टी भी मजबूत होगी। गोपाल यादव ने कन्हैया लाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा मुंह मीठा कराकर बधाई दी। स्वागत समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, निजामुद्दीन खां, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अमित ठाकुर, दिनेश यादव, परशुराम बिंद, राजेश यादव, रामाशीष यादव, द्वारिका यादव,माखन लाल आदि उपस्थित रहे।

## एक ही रात में दो घरों पर चोरों ने किया हाथ साफ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। करंडा थाना के खिजिरपुर पुलिसचौकी क्षेत्र अंतर्गत सबुआ गांव में मंगलवार की रात चोरों ने दो घरों को खंगाला। एक व्यक्ति के मकान के ऊपरी मंजिल के सीढ़ी का दरवाजा ताला तोड़ घर से अलमारी में रखे आभूषण क्रमशः सोने का झुमका एक जोड़ी , तीन पायल, तीन सोने अंगूठी सहित 1 लाख 39 हजार नगदी चुरा लिये। बुद्धवार की सुबह 5:30 बजे देखा तो दरवाजा खुला है अलमारी में रखा सामान बाहर बिखरा पड़ा है। तो वही दूसरे व्यक्ति के घर से आलमारी भी टूटी और सामान बिखरे मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार करंडा खिजिरपुर पुलिसचौकी अंतर्गत सबुआ गांव निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ गुंजन पुत्र राम नगीना सिंह अपने परिजनों के साथ मकान के ऊपरी मंजिल पर भोजन कर सोने चले गए। बुधवार की सुबह 5 बजे उनकी पत्नी नवरात्रि में देवी पूजा के लिए जल रहे अखंड ज्योति के दीपक मे तेल डालने के लिए उठीं तो देखा कि दूसरे रूम का दरवाजा खुला हुआ है घर में, अलमारी में तथा बाहर सामान बाहर बिखरे पड़े हैं। जैसे ही यह जानकारी परिजनों सहित आसपास के लोगों को हुई बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए,



परिजनों ने देखा की अलमारी में रखी तीन सोने अंगूठी,एक जोड़ी सोने का झुमका,तीन जोड़ी पायल सहित नगदी 139000/सहित अन्य सामान गायब है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की। वही इनके घर से चंद कदम दूर हरिश्चंद्र सिंह पुत्र दुधनाथ सिंह के घर के मुख्य दरवाजे से घुसे चोर घर में रखे रमेश सिंह पुत्र हरिश्चंद्र सिंह की आलमारी तोड़कर सामान तितर बितर कर दिये है परिजनों ने बताया कि आलमारी में कोई बहुमूल्य सामान और पैसा नहीं था, इसलिए चोरों के हाथ कुछ खास नहीं लगा है। सबुआं में चोरी की घटना पहली नहीं है अक्सर चोरी की घटनायें होती रहती हैं, चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले इतने निडर हैं कि ठंढ के समय बारी बारी से तीन तीन तालाबों की मछली ही मार ले गये। चोर इतने शातिर हैं कि तालाबों की रखवाली के लिए रखे एक किसान के अच्छी नस्ल के चार पालतू कुत्तों को पहले जहर देकर मार दिया उसके एक दो दिन बाद निडर होकर तालाब की मछली मार ले गये। कल हुई चोरी के मामले में परिजनों ने थाने में तहरीर देकर चोरी में संलिप्त अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में करंडा थानाध्यक्ष संपूणानंद राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है पुलिस छानबीन में जुटी हुई है चोर जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## सरकार की योजनाओं और कृषि विज्ञान केंद्रों का अधिक से अधिक लाभ ले किसान : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

प्रखर गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौकमाफी, गोरखपुर में कृषि विभाग उत्तर प्रदेश एवं महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान जनपद स्तरीय जायद कृषक उत्पादकता गोष्ठी एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौकमाफी व कृषि विज्ञान केंद्र, बेलीपार की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने बताया कि सरकार के द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों के क्रम में एक कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना हरदोई जिले में भी कल करी गई । साथ ही उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के स्थापना के प्रयासों के बारे में बताया । किसानों के खाते में भेजी



जा रही राशि विभिन्न छूट की योजनाओं के बारे में बताते हुए किसान बंधुओं को योजनाओं का लाभ उठाने को आग्रह किया। साथ ही उन्होंने फार्म मशीनरी बैंक के तहत यंत्रों तथा मशीनरी का वितरण झंडा दिखा के किया साथ ही 150 किसानों को उर्द के बीजों की मिनी किट भी वितरित की। उपनिदेशक कृषि डॉ अरविंद कुमार सिंह ने किसानों को गोरखपुर में फार्म मशीनरी बैंक व योजनाओं के लक्ष्य के बारे में बताया। डॉ एस के तोमर अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार में आधारित प्राकृतिक खेती फसल अवशेष प्रबंधन तथा रासायनिक खेती के नुकसान के बारे में बताया उपाध्यक्ष महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र प्रोफेसर यू पी सिंह जी ने कृषि विज्ञान केंद्र के उद्देश्यों प्रकाश डाला साथ ही किसानों को इसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आवाहन किया । डॉ ए पी राव डायरेक्टर प्रसार, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या ने कृषि विज्ञान केंद्र किस प्रकार किसानों के हित में कार्य करता है तथा इनमें स्थापित विभिन्न लाभकारी इकाइयों के बारे में बताया । अंत में प्रभारी, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ एस पी सिंह जी ने सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं व केंद्र का लाभ लेने का आह्वाहन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। तत्पश्चात माननीय मंत्री जी की अध्यक्षता में महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार के वैज्ञानिकों के साथ समीक्षा बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश एवं सलाह दी । इस अवसर पर इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ विवेक प्रताप सिंह, डॉ एस के तोमर, डॉ एस पी सिंह, डॉ संदीप प्रकाश उपाध्याय, डॉ अजीत कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार सिंह, श्वेता सिंह सहित 400 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

## जंगल की विरासत को सहेजने हेतु आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने वन विभाग को एक लाख रुपए का सहयोग किया

प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने जंगल की विरासत से नई पीढ़ी का परिचय कराने हेतु उम्मीद की लाइब्रेरी को स्थापित करने हेतु वन विभाग को एक लाख रुपए का सहयोग किया। एस के शुक्ल ने कहा की आज भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं सहेजने तथा नई पीढ़ी को जानकरी देने के लिए किताबों से अच्छा वनमित्र कोई नहीं हो सकता। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की व्यापर प्रमुख के नेतृत्व में आईजीएल आज प्राकृतिक धरोहरों को बचाने हेतु दृढ़संकल्पित है और इसी संकल्प को धरातल पर उतरने हेतु उमीदो की लाइब्रेरी की स्थापना हेतु सहयोग किया गया है। जिला वन अधिकारी श्री विकास यादव (आईएफएस ) द्वारा जब यह जानकरी साझा किया गया की जंगलो की विरासत को सहेजने हेतु एक पुस्तकालय खोला जाना है जिसमे आईजीएल से सीएसआर के तहत सहयोग की अपेक्षा है। सहजनवा वन रेंजर डीके चौरसिया के माध्यम से पत्र प्राप्त हुवा तो तत्काल बिजनेस हेड शुक्ल जी ने इसमें सहयोग राशि स्वीकृत किया



और आज सहजनवा वन रेंजर को चेक सुपुर्द कर दिया। प्लांट हेड एपी मिश्रा ने इस उम्मीदों की लाइब्रेरी की जमकर सराहना किया और कहा की बिजनेस हेड के नेतृत्व में आईजीएल पूर्वांचल के प्रत्येक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है। वन विभाग की पूरी टीम ने आईजीएल को धन्यवाद दिया और डीके चौरसिया ने कहा की निसंदेह आईजीएल पूर्वांचल के लिए वरदान है। इस मौके पर डीजीएम शैलेन्द्र पांडेय , अजय तिवारी , विष्णु पांडेय, अखिलेश शुक्ल इत्यादि उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं